# कृषि अभियांत्रिकी दर्पण

जनवरी एवं जुलाई 2024
संयुक्तांक 44-45



भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान
नबीबाग, बैरसिया रोड, भोपाल-462038

| कृषि अभियांत्रिकी दर्पण |
|---|
| जनवरी एवं जुलाई 2024 |
| संयुक्तांक 44-45 |

**संरक्षक**
**डॉ. सी आर मेहता**
निदेशक

**प्रधान संपादक**
**डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी**
प्रधान वैज्ञानिक

**संपादक**
**डॉ. मुकेश कुमार**
वैज्ञानिक
**डॉ. सत्य प्रकाश कुमार**
वैज्ञानिक
**डॉ. दिलीप पवार**
वैज्ञानिक
**डॉ. बिक्रम ज्योति**
वैज्ञानिक
**डॉ. समलेश कुमारी**
वैज्ञानिक
**श्री राकेश कुमार**
उप निदेशक (राजभाषा)

पत्रिका में प्रकाशित लेख और शोध पत्र लेखक की अपनी निजी राय है। संपादक मंडल उनके निजी विचार की जिम्मेदारी नहीं लेते हैं। लेख और शोध पत्र की सूचना लेखक से प्राप्त किया जा सकता है।

## सूची

### इस अंक में.....

1. कृषि में ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव यंत्र का उपयोग
2. हर्बिगेशन: सिंचाई और खरपतवार नियंत्रण का संगम, खेतों में हरियाली का जादू
3. श्री अन्न में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली
4. खाद्य उत्पादन एवं पर्यावरणीय संतुलन
5. गाजरघास समस्या से निपटने के लिए कृषि अभियांत्रकी समाधान
6. श्री अन्न खाद्य पदार्थ : पारंपरिक एवं आधुनिक सेवन विधियां
7. भिंडी की फसल में मल्चिंग का उपयोग
8. बागों के लिए ट्रैक्टर के सामने लगे हाइड्रॉलिक रूप से संचालित प्रूनर
9. कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फसलों के रोग पहचान एवं वर्गीकरण
10. एक आधुनिक तकनीक: सतत विकास के लिए मशरूम की खेती
11. छोटे बीजों वाले श्री अन्नों का पोषक तत्व, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन
12. अंगूर की फसल में रासायनिक स्वैबिंग, डीसकरिंग, बेल बांधने और छाल हटाने के कार्यों के पारिश्रमिक कम करने वाले उपकरण
13. मशरूम कृषि उत्पादन: एक सुनहरा अवसर
14. मानव स्वास्थ्य के लिए कार्यात्मक खाद्य और न्यूट्रास्युटिकल खाद्य पदार्थों का उत्पादन
15. फलों और सब्जियों का भंडारण
16. लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का विकास
17. भारतीय ट्रैक्टर ऑपरेटरों के लिए लिंग-तटस्थ कार्यस्थल संरचना

**प्रकाशक**
**भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान**
नबीबाग, बैरसिया रोड, भोपाल-462038
ईमेल: director.ciae@icar.org.in
https://ciae.res.in

## निदेशक की कलम से...



कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो लाखों लोगों की आजीविका का आधार होने के साथ-साथ राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करती है। घटते हुए कृषि योग्य क्षेत्र और बढ़ती जनसंख्या के परिप्रेक्ष्य में कृषि यांत्रिकीकरण उत्पादकता, दक्षता और सतत् विकास को बढ़ाने का एक अनिवार्य साधन बन गया है। भा.कृ.अनु.प.–केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल, जिसकी स्थापना वर्ष 1976 में की गई थी, कृषि अभियांत्रिकी के अनुसंधान, विकास और क्षमता निर्माण के लिए समर्पित एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है। देश के मध्य भाग में स्थित यह संस्थान ऐसी प्रौद्योगिकियों के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है जो उत्पादकता में वृद्धि, श्रम की कठिनाइयों में कमी, मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहन और पर्यावरणीय स्थिरता को सुदृढ़ करती हैं।

संस्थान का दृष्टिकोण आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से भारतीय कृषि को रूपांतरित करना है। संस्थान जी.आई.एस./जी.पी.एस. आधारित सटीक कृषि, संसोधनों के दक्ष प्रबंधन, संरक्षित कृषि, तथा ऊर्जा-कुशल बहु-कार्यात्मक कृषि यंत्रों के विकास, फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, सिंचाई एवं जल निकासी अभियांत्रिकी, तथा कृषि ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्रों में भी महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहा है, जो कृषि-खाद्य प्रणाली की दक्षता को सुदृढ़ करते हैं।

कृषि अभियंत्रिकी दर्पण  के इस अंक में छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक, श्री अन्न की गुणवत्ता प्रबंधन एवं आधुनिक खाद्य उपयोग, आई.ओ.टी. आधारित पौध रोग निदान, हर्बिगेशन युक्त कृषि यंत्र, मशरुम उत्पादन, न्यूट्रास्यूटिकल्स एवं औषधीय यौगिक, तथा फलों एवं सब्ज़ियों के भंडारण जैसे कई समकालीन विषयों को समाहित किया गया है। ये सभी विषय कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता और स्थिरता के समन्वय को दर्शाते हैं।

मैं सभी लेखकों एवं संपादकीय दल को इस ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं उत्कृष्ट अंक के प्रकाशन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह अंक कृषि अभियंत्रिकी समुदाय को नवाचार, गुणवत्ता और प्रौद्योगिकी आधारित सतत् कृषि विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

**(सी.आर. मेहता)**

निदेशक

केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल

# विषय सूची


1. **कृषि में ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव यंत्र का उपयोग** **1**
सपना सोनी, रमेश कुमार सहनी, शिव प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश कुमार, मनोज कुमार, के.एन. अग्रवाल एवं वी. भूषण बाबू

2. **हर्बिगेशन: सिंचाई और खरपतवार नियंत्रण का संगम, खेतों में हरियाली का जादू** **7**
आरती कुमारी, आशुतोष उपाध्याय, पवनजीत एवं अनूप दास

3. **श्री अन्न में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली** **11**
मनोज कुमार त्रिपाठी

4. **खाद्य उत्पादन एवं पर्यावरणीय संतुलन** **24**
निधि जोशी एवं रीता सिंह रघुवंशी

5. **गाजरघास समस्या से निपटने के लिए कृषि अभियांत्रकी समाधान** **27**
विजय कुमार, ए. पी. मगर, डी. एस. थोरात, एच. एस. पाण्डेय एवं वी. पी. चौधरी

6. **श्री अन्न खाद्य पदार्थ : पारंपरिक एवं आधुनिक सेवन विधियां** **31**
आर वेंकटेश्वरलु, वी एम मालती, महेश कुमार, जिनु जेकब एवं सी वी रत्नावती

7. **भिंडी की फसल में मल्चिंग का उपयोग** **37**
अभिषेक वाघाये, मुकेश कुमार, रविंद्र रंधे एवं रमन कुमार मौर्य

8. **बागों के लिए ट्रैक्टर के सामने लगे हाइड्रॉलिक रूप से संचालित प्रूनर** **40**
अजय कुमार राउल, सत्य प्रकश कुमार, बालाजी मुरहरी नान्देडे, राहुल राजाराम पोतदार, बिक्रम ज्योति एवं भी. एस. वाला

9. **कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फसलों के रोग पहचान एवं वर्गीकरण** **44**
अभिषेक उपाध्याय, नरेन्द्र सिंह चंदेल, सुबीर कुमार चक्रवर्ती, मनीष कुमार, दिलीप जाट, बिक्रम ज्योति एवं दीपक कुमार

**10. एक आधुनिक तकनीक: सतत विकास के लिए मशरूम की खेती** **50**
समलेश कुमारी एवं आबिदा जबीन

**11. छोटे बीजों वाले श्री अन्नों का पोषक तत्व, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन** **59**
अपर्णा कुना लक्ष्मीप्रसन्ना काटा समलेश कुमारी एवं मनोज कुमार त्रिपाठी

**12. अंगूर की फसल में रासायनिक स्वैबिंग, डीसकरिंग, बेल बांधने और छाल हटाने के कार्यों के पारिश्रमिक कम करने वाले उपकरण** **69**
राहुल पोतदार, बिक्रम ज्योति, अजय कुमार राउल, दीपक थोरात, अमन माहोरे एवं मनोज कुमार

**13. मशरूम कृषि उत्पादन: एक सुनहरा अवसर** **73**
अनीता तिलवारी, रूचि चन्दसूर्या एवं सनोबर कलाम

**14. मानव स्वास्थ्य के लिए कार्यात्मक खाद्य और न्यूट्रास्युटिकल खाद्य पदार्थों का उत्पादन** **83**
मनोज कुमार त्रिपाठी, राजपाल जोडन एवं सौम्या त्रिपाठी

**15. फलों और सब्जियों का भंडारण** **90**
रजनी साहू एवं आदिनाथ काटे

**16. लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का विकास** **94**
मनीष कुमार, कामेन्द्र, एच. एस. पांडे, सी. एस सहाय, एस. के. सिंह, वी. पी. चौधरी एवं दीपक थोराट

**17. भारतीय ट्रैक्टर ऑपरेटरों के लिए लिंग-तटस्थ कार्यस्थल संरचना** **98**
राहुल पोतदार, सी.आर. मेहता, के.एन. अग्रवाल, विक्रम ज्योति एवं मनोज कुमार

# कृषि में ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव यंत्र का उपयोग

**सपना सोनी, रमेश कुमार सहनी, शिव प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश कुमार, मनोज कुमार, के.एन. अग्रवाल एवं वी. भूषण बाबू**

**भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान,भोपाल**

## परिचय

विश्व की जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और 2050 तक इसके 9.7 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे भोजन की मांग लगभग 70% बढ़ जाएगी। सीमित कृषि भूमि में उत्पादन बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों का प्रभावी तरीकों से उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उर्वरक के दाने फसलों की वृद्धि के दौरान विभिन्न पोषक तत्वों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं,जिससे फसल की पैदावार बढ़ सकती है । हालाँकि उर्वरक का प्रयोग उचित मात्रा में करना चाहिए अन्यथा फसल की पैदावार कम भी हो सकती है । साथ ही, उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की गुणवत्ता को कम कर देती है और आसपास के जल स्रोतों को भी प्रदूषित कर सकती है । वर्तमान में भारत में उर्वरको का हाथ से छिड़काव किया जाता है जो अधिक श्रम व समय के साथ-साथ स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बनता है । इसलिए कार्य दक्षता बढ़ाने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए भूमि पर चलने वाली मशीनरी, जैसे ट्रैक्टर संचालित उर्वरक छिड़काव यंत्र विकसित किया गया है। यद्यपि उनकी कार्यक्षमता और सकल लाभ में सुधार हुआ है, लेकिन इन मशीनों के लिए कीचड़युक्त खेत (जैसे धान के खेत) में जाना और जहाँ तने की पत्तियाँ इतनी ऊँची हों कि पंक्ति की चौड़ाई को ढक सकें, वैसे फसलों के बीच से गुजरना मुश्किल होता है । साथ ही इन मशीनों के प्रयोग से मृदा का संघनन भी होता है । इन समस्याओं को कम करने के लिए आजकल आधुनिक तकनीक की ओर रुझान बढ़ा है, जिसमें ड्रोन आधारित गोलाकार प्लेट प्रकार के दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र का उपयोग एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है ।

**ड्रोन** - आधारित दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र फसलों पर उर्वरक को सटीक और कुशलता से वितरित करता है। इस तकनीक का उपयोग करके किसान उचित मात्रा में एवं उचित स्थान पर उर्वरकों का छिड़काव सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे फसलों की संपूर्ण वृद्धि एवं उर्वरक का उपयोग अधिक प्रभावी होता है । इस तकनीक का प्रयोग करके किसान कम समय एवं  कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है । इसके अतिरिक्त, यह तकनीक पर्यावरण की दृष्टि से भी सुरक्षित है, इससे उर्वरक की बर्बादी कम होती है और मिट्टी तथा जल संसाधनों पर इसका नकारात्मक प्रभाव कम होता है , अर्थात यह सतत कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

## ड्रोन (मानव रहित हवाई वाहन)

ड्रोन को मानव रहित हवाई वाहन के नाम से जाना जाता है, जो हजारों किलोमीटर तक सीमित क्षेत्रों में उड़ान भर सकते हैं । ड्रोन को रिमोट कंट्रोल के जरिए संचालित किया जाता है (चित्र 1) । कृषि में ड्रोन का उपयोग फसलों की निगरानी, उर्वरक और कीटनाशक छिड़काव,फसलों की पैदावार का अनुमान, सिंचाई प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, पशुपालन प्रबंधन आदि में किया जा सकता है ।



**चित्र 1- खेत में ड्रोन का संचालन**

## ड्रोन आधारित दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र



**चित्र 2- ड्रोन द्वारा दानेदार यूरिया उर्वरक का वितरण**

उर्वरक छिड़काव यंत्र ड्रोन से जुड़ा एक उपकरण है जो बड़े क्षेत्र में उर्वरक को समान रूप से एवं कुशलता से फैलाने का काम करता है । ड्रोन आधारित दानेदार उर्वरक छिड़काव तकनीक मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है: गोलाकार प्लेट प्रकार और न्युमेटिक प्रकार । गोलाकार प्लेट प्रकार के उर्वरक छिड़काव यंत्र की संरचना सरल होती है और इसमें मुख्यतः दो भाग होते हैं: एक नियंत्रण प्रवाह तंत्र और एक केंद्रापसारक फिन जुड़ा हुआ गोलाकार प्लेट | संचालन के दौरान, गोलाकार प्लेट की उच्च्च गति से घूर्णन द्वारा उत्पन्न केन्द्रीय बल उर्वरक के दाने को बिखेर देता जो नियंत्रण तंत्र से डिस्क पर गिरते हैं, जिससे एक व्यापक फैलाव क्षेत्र बनता है। खेत में ड्रोन द्वारा उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को चित्र 2 में दिखाया गया है|

ड्रोन आधारित दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र के मुख्य भाग निम्नलिखित है : फ्रेम, मोटर्स, प्रोपेलर, लिथियम पॉलिमर बैटरी,उड़ान नियंत्रक, सेंसर, उर्वरक टैंक, लैंडिंग गियर , घूर्णन प्लेट या स्प्रेडर

डिस्क , उर्वरक की कमी संकेतक लाइट, पावर एलईडी संकेतक लाइट आदि । ड्रोन आधारित दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र के मुख्य भाग चित्र 3 मे दिखाया गया है|




**चित्र 3- ड्रोन आधारित दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र के मुख्य भाग**

ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव प्रणाली का उर्वरक छिड़काव में कई चरण शामिल होते हैं, ताकि दानेदार उर्वरक छिड़काव यंत्र की कुशल और सटीक अनुप्रयोग सुनिश्चित किया जा सके । नीचे (चित्र 4) में चरणों का विवरण है:




**चित्र 4- उर्वरक छिड़काव प्रणाली में शामिल चरण**

ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव प्रणाली उर्वरककरण दक्षता को प्रभावित करता है। उर्वरक छिड़काव यंत्र का मूल उद्देश्य उर्वरक को समान रूप से और कुशलता से फैलाना है। लेकिन ड्रोन के कई संचालन मानक होते हैं जो ड्रोन आधारित फिन जुड़ा हुआ गोलाकार प्लेट प्रकार के उर्वरक छिड़काव यंत्र के वितरण की समानता को प्रभावित करते हैं । नीचे कुछ कारक दिए गए हैं:

i. ड्रोन की ऊंचाई

ii. ड्रोन की गति

iii. फैलाव डिस्क की गति

iv. स्प्रेडर का डिज़ाइन

v. मौसम की स्थिति

प्रभावी और समान उर्वरक कण जमाव प्राप्त करने के लिए किसानों को इष्टतम परिचालन मापदंडों को जानना आवश्यक है । अन्यथा, उर्वरक विखेरक यंत्र की दक्षता कम हो जाएगी, जिससे फसल की पैदावार में कमी आ सकती है । इष्टतम संचालन मानकों के कुछ मान तालिका 1 में दिए गए है :

**तालिका 1- इष्टतम संचालन मानक**

| क्रम संख्या | संचालन मानक | मान |
|---|---|---|
| 1 | ड्रोन की ऊंचाई | 9 मीटर (खुले खेत में) |
| | | 1.5- 2 मीटर (धान के फसल के ऊपर की ऊँचाई) |
| 2 | ड्रोन की आगे की गति | 4 मीटर प्रति सेकंड (खुले खेत में) |
| | | 2 मीटर प्रति सेकंड (धान के खेत में) |
| 3 | फैलाव डिस्क की गति | 600 आर पी एम / मिनट |

## ड्रोन आधारित उर्वरक प्रसारण प्रणाली के लाभ एवं सीमाएँ

### ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव प्रणाली के लाभ

- सटीकता
- समय और श्रम की बचत
- दुर्गम क्षेत्रों में पहुंच
- लचीलापन और अनुकूलन
- ऑपरेटरों की सुरक्षा
- लागत में बचत
- पर्यावरण पर कम हानिकारक प्रभाव
- मिट्टी के संकुचन में कमी

### ड्रोन आधारित उर्वरक छिड़काव प्रणाली की सीमाएँ

- उच्च प्रारंभिक लागत
- बैटरी की सीमित क्षमता
- मौसम पर निर्भरता
- सीमित पे लोड क्षमता
- सिग्नल और नेटवर्क की निर्भरता
- प्रशिक्षण और विशेषज्ञता की आवश्यकता
- नमीयुक्त उर्वरक के लिए अनुपयुक्त
- सिस्टम की जटिलता

## उर्वरक छिड़काव यंत्र की देखभाल और रखरखाव

1. उर्वरक छिड़काव यंत्र को प्रत्येक दिन उपयोग के बाद खाली किया जाना चाहिए और अच्छी तरह से धोया जाना चाहिए।
2. बैटरी को नियमित रूप से जांच करना चाहिए, साथ ही उसकी क्षमता से अधिक चार्ज होने से बचाना चाहिए।
3. ड्रोन के सॉफ़्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करना चाहिए|
4. मोटर में कोई आवाज या असामान्यता महसूस होने पर तुरंत मरम्मत करें।
5. क्षतिग्रस्त या टूटे हुए प्रोपेलरों को तुरंत बदलें।
6. ड्रोन और उर्वरक फैलाने वाले यंत्र को धूप, गर्मी, और नमी से दूर, अंदर रखे।
7. सुनिश्चित करें कि उपयोग में लाए जा रहे उर्वरक की गुणवत्ता अच्छी है और वह ड्रोन के फैलाने वाले यंत्र के साथ संगत है।

## निष्कर्ष

हाल के वर्षों में कृषि में ड्रोन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ड्रोन की मदद से मृदा और खेतों का विश्लेषण, फसलों की रोपाई, फसल निगरानी, खरपतवार प्रबंधन, उर्वरकों और कीटनाशकों का छिड़काव, सिंचाई प्रबंधन,उत्पादन अनुमान और फसल की सेहत का आकलन जैसे कार्य किए जा सकते हैं। भारत में विशेषकर ड्रोन का उपयोग छिड़काव में किया जा रहा है।

यूएवी आधारित डिस्क प्रकार के उर्वरक छिड़काव यंत्र उर्वरक वितरण का एक नया और प्रभावी तरीका है । यह तकनीक उर्वरक के वितरण को सुनिश्चित करते हुए श्रम और समय की बचत करती है । इसके साथ ही, यह स्वास्थ्य जोखिमों को भी कम करती है, और बड़े खेतों में उर्वरक का वितरण त्वरित और आसान बनाती है।

इस तकनीक की उच्च प्रारंभिक लागत एक चुनौती है, यद्यपि सरकार ने ड्रोन की खरीद पर अनुदान प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री किसान ड्रोन योजना एवं नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं की शुरुआत की है । किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और नई तकनीकों को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, जिससे उनकी उत्पादकता और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकें।

—❖—

# हर्बिगेशन: सिंचाई और खरपतवार नियंत्रण का संगम, खेतों में हरियाली का जादू

**आरती कुमारी, आशुतोष उपाध्याय, पवनजीत एवं अनूप दास**
**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना**

## परिचय

हर्बीगेशन एक अभिनव तकनीक है, जो कृषि आधुनिकीकरण में कुशल सिंचाई और सफल खरपतवार प्रबंधन की दोहरी समस्याओं के लिए एक अद्भुत विकल्प के रूप में विकसित हुई है। हर्बीगेशन, जो सिंचाई और शाकनाशी रसायन (हर्बिसाइड) के अनुप्रयोग को एक ही प्रक्रिया में जोड़ती है, पर्यावरणीय लाभ के साथ-साथ संसाधन दक्षता, श्रम और समय की बचत, बढ़ी हुई फसल की पैदावार और सटीक खरपतवार नियंत्रण प्रदान करती है। कुशल सिंचाई और हर्बिसाइड के आविष्कार ने कृषि में इस प्रतिमान बदलाव की नींव रखी। यह एक टिकाऊ और सफल खरपतवार प्रबंधन रणनीति है, जिसमें हर्बिसाइड को ठीक उसी जगह और जब ज़रूरत हो, प्रयोग किया जाता है। हर्बिगेशन पानी के उपयोग को अधिकतम करके और फसल उत्पादन को बढ़ाकर टिकाऊ कृषि और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के विश्वव्यापी उद्देश्यों का समर्थन करता है। यह लेख हर्बिगेशन के सिद्धांतों, संचालन, चुनौतियों और आशाजनक भविष्य की खोज करता है और आधुनिक कृषि में क्रांति लाने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डालता है।

कृषि आधुनिकीकरण परिदृश्य में, दुनिया भर के किसानों के सामने आने वाली दो मूलभूत चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक उल्लेखनीय नवाचार सामने आया है: कुशल सिंचाई और प्रभावी खरपतवार नियंत्रण। इस नवाचार को "हर्बिगेशन" नाम दिया गया है, जो "हर्बिसाइड" और "सिंचाई" को एक शक्तिशाली कृषि पद्धति में जोड़ता है। संक्षेप में, हर्बिगेशन, सिंचाई और शाकनाशी के उपयोग का अभिनव मिश्रण, कृषि के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। यह सक्षम विधि कुशल और टिकाऊ खेती की आधारशिला है क्योंकि यह समय और श्रम लागत को कम करती है और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करती है। इसके विकास को समझने के लिए, हमें सबसे पहले सिंचाई और शाकनाशी के उपयोग के ऐतिहासिक संदर्भ को देखना चाहिए। सिंचाई, फसलों के उत्पादन में सहायता के लिए भूमि पर पानी का नियंत्रित अनुप्रयोग, हजारों वर्षों से प्रचलित है। सिंचाई के प्रारंभिक रूप, जैसे कि बाढ़ सिंचाई, मिस्र और सिंधु घाटी सभ्यता जैसी प्राचीन सभ्यताओं से जुड़े हैं। दूसरी ओर, शाकनाशी का उपयोग 20वीं शताब्दी में कृत्रिम रसायनों के विकास के साथ प्रारंभ हुआ। इन रसायनों ने पोषक तत्वों, पानी और सूर्य की रोशनी के लिए फसलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले खरपतवारों को नियंत्रित करने का एक प्रभावी साधन प्रदान किया।

वर्तमान समय में बहुत से कृषि वैज्ञानिकों ने इस पर शोध किये हैं। उन्होंने यह पाया है कि सूक्ष्म सिंचाई का उपयोग बगीचों में शाकनाशी के अनुप्रयोग के लिए सफलतापूर्वक किया जा सकता है और इसका वृक्षों की वृद्धि और उपज तथा मृदा सूक्ष्मजीवी गतिविधि पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

**हर्बिगेशन को कृषि में जो प्रमुख फायदें महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी बनाते हैं, वो निम्नलिखित हैं:**

- **संसाधन दक्षता:** हर्बिगेशन दो महत्वपूर्ण संसाधनों और शाकनाशियों के उपयोग को अनुकूलित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि दोनों को केवल वहीं और जब आवश्यक हो, तब लागू किया जाए, इस प्रकार, खरपतवारनाशक अपशिष्ट और पर्यावरणीय प्रभाव कम हो जाता है।
- **प्रभावी खरपतवार नियंत्रण:** हर्बिगेशन की सटीकता सुनिश्चित करती है कि खरपतवारों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन हो जाये, जिससे पोषक तत्वों, पानी और सूरज की रोशनी के लिए फसल के साथ खरपतवार की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है। खरपतवार की उपस्थिति और वृद्धि पर वास्तविक समय के डेटा को एकीकृत करने से खरपतवार के दबाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करते हुए रसायनों का उपयोग कम हो जाता है।
- **तनाव कम करना:** जिन फसलों में पर्याप्त पानी होता है और खरपतवारों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं होती है, वे कम तनावग्रस्त होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्वस्थ और अधिक फलदायी पौधे होते हैं। हर्बिगेशन अत्यधिक लक्षित शाकनाशी अनुप्रयोग को सक्षम बनाता है। यह एकाधिक खरपतवारनाशकों के अनुप्रयोगों को कम करने में सक्षम बनाता है।
- **श्रम और समय की बचत:** हर्बिगेशन हस्तचालित शाकनाशी अनुप्रयोग की आवश्यकता को कम करता है, जिससे किसानों का समय और श्रम बचता है। यह दक्षता आधुनिक कृषि में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां श्रम की कमी एक चुनौती हो सकती है। किसान हर्बिगेशन के माध्यम से खरपतवारनाशक खुराकों को अनुकूलित करके अधिक मात्रा और संबंधित लागत को कम कर सकते हैं।
- **फसल की पैदावार में वृद्धि:** हर्बिगेशन के माध्यम से फसलों को सही मात्रा में पानी उपलब्ध कराकर और खरपतवार प्रतिस्पर्धा को न्यूनतम करते हुए, फसल की पैदावार में वृद्धि की जा सकती है। इससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है।
- **पर्यावरणीय लाभ:** शाकनाशी की सटीकता और दक्षता, अति-प्रयोग और अपवाह को रोककर शाकनाशी के उपयोग और सिंचाई के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है।

## हर्बिगेशन कैसे काम करता है?

हर्बिगेशन ज़्यादातर ड्रिप सिंचाई के माध्यम से किया जाता है, जिसमें सिंचाई प्रणाली में हर्बिसाइड इंजेक्शन के लिए एक उर्वरक इंजेक्टर पंप शामिल होता है और पानी के दबाव को देखने के लिए सिस्टम से एक प्रेशर गेज जुड़ा होता है।

इसमें सिंचाई और हर्बिसाइड अनुप्रयोग उपकरण का संयोजन होता है, साथ ही सटीक एवं उचित मात्रा में  हर्बिसाइड अनुप्रयोग ,लक्षित खरपतवारों के लिए विशिष्ट हर्बिसाइड का चयन, सटीक पानी और हर्बिसाइड वितरण के लिए प्रवाह दर निर्धारण, एक समान  मिश्रण निर्माण, एवं सिंचाई के दौरान एक समान वितरण, निगरानी और नियंत्रण, डेटा रिकॉर्डिंग और विश्लेषण प्रमुख घटक हैं, जिनका विशेष ध्यान देना आवश्यक है। हर्बिगेशन का अनुप्रयोग एवं लाभ चित्र संख्या 1 में दर्शाये गए हैं:




**चित्र 1. हर्बीगेशन का अनुप्रयोग एवं लाभ**

## हर्बिगेशन की चुनौतियाँ और भविष्य

हर्बिगेशन एक अत्याधुनिक कृषि पद्धति है जो सिंचाई और हर्बिसाइड अनुप्रयोग को जोड़ती है। हर्बिगेशन तकनीक को लागू करने की लागत से उत्पन्न वित्तीय बाधा, उपकरणों का उपयोग करने और समस्या निवारण के लिए विशेष तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता, उपकरण की खराबी की संभावना आदि हर्बिगेशन प्रक्रिया को विफल कर सकती है, और अप्रभावी प्रथाओं से जुड़े पर्यावरणीय मुद्दे, जैसे कि हर्बिसाइड अपवाह आदि सभी चुनौतियाँ भी हैं। इन चुनौतियों के वाबजूद भी हर्बिगेशन का भविष्य उन्नत है। ए. आई. वैश्विक दृष्टिकोण, स्थिरता, जलवायु लचीलापन और विकसित नियमों के साथ आशाजनक है। यह विकल्प न केवल दक्षता बल्कि पर्यावरण के अनुकूल कृषि की तलाश करता है और खाद्य उत्पादन में एक स्थायी भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है।

## निष्कर्ष

हर्बिगेशन, सिंचाई और शाकनाशी के उपयोग का एक आविष्कारी मिश्रण है, जिसमें कृषि उद्योग को पूरी तरह से बदलने की शक्ति है। कम शाकनाशी का उपयोग करना, कम पैसा खर्च करना और पर्यावरणीय कुप्रभाव कम होना इस तरह के खरपतवार प्रबंधन के सभी लाभ हैं, जो संधारणीय खेती के तरीकों के अनुरूप है। हर्बिगेशन एक साथ सिंचाई में सुधार करता है और यह सुनिश्चित करता है कि फसलों को उचित समय पर उचित मात्रा में पानी मिले, पानी की आपूर्ति संरक्षित हो और पैदावार बढ़े। साथ ही यह आशा की किरण के रूप में कार्य करता है कि कैसे प्रौद्योगिकी खरपतवार प्रबंधन और सिंचाई में क्रांति ला सकती है ताकि कृषि में अधिक प्रभावी, पर्यावरण के अनुकूल और फलदायी भविष्य की शुरुआत हो सके क्योंकि पानी की कमी और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में चिंताएँ दुनिया भर में फैल रही हैं।

—❖—

# श्री अन्न में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली

**मनोज कुमार त्रिपाठी**
**भा. कृ.अनु.प. – केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

## परिचय

खाद्य गुणवत्ता प्रबंधन कृषि-खाद्य क्षेत्रों में तेजी से महत्वपूर्ण हो रहा है। गुणवत्ता प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य को गुणवत्ता निरीक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण से गुणवत्ता आश्वासन में बदल दिया गया है। ज्वार और मोटे अनाज का व्यापक रूप से पारंपरिक खाद्य उत्पादों और पशु आहार के लिए उपयोग किया जाता है। खाद्य उपयोग में वृद्धि करने के लिए, ज्वार और मोटे अनाज को रोगों और कीड़ों के कारण होने वाली गिरावट से सुधार करने की आवश्यकता है। पिछले दशकों में कृषि-खाद्य क्षेत्रों में कई घटनाएं हुई हैं जो इसको प्रभीवित करते है जिसमे खाद्य जनित बीमारियों की घटना तथा उच्च जोखिम वाले खाद्य उत्पादों का उत्पादन प्रमुख है। ज्वार और मोटे अनाज आजकल नियमित रूप से खाद्य उत्पादों, विशेष रूप से लस मुक्त और अन्य स्वास्थ्य खाद्य उत्पादों के वर्तमान विकास में उपयोग किया जाने लगा हैं। इस प्रकार के व्यापक उपयोग के लिए अनाज और उनके उत्पादों की गुणवत्ता वाले कारकों को प्राथमिकता देना महत्त्वपूर्ण हो गया हैं, जिनका मूल्यांकन विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जाता है। आमतौर पर अनाज की भौतिक विशेषताएं, जैव रासायनिक संरचना और खाद्य सुरक्षा चिंता करने वाले प्रमुख कारक हैं। कई नियामक संस्थाएं श्री अन्न के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली विकशित की गयी है जिसका प्रमुख उद्देश्य श्री अन्न के व्यवसाय को आसान बनाना है। श्री अन्न मूल्य श्रृंखला में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों का समर्थन और मजबूत करने के लिए वर्तमान में कई बहु-विषयक पद्धतियों की आवश्यकता है।

उच्च पोषण और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करते हुए बदलती जलवायु परिस्थितियों में भी जीवित रहने की उनकी क्षमता के कारण देश में मोटे अनाज को पुन र्जीवित करने में रुचि बढ़ रही है। हमारे देश में श्री अन्न की खेती को पुनर्जीवित करने के लिए बढ़ती दिलचस्पी कारण इसका पोषण और स्वास्थ्य मे उपयोगी होना है। ये अनाज शुष्क भूमि और उच्च तापमान पर भी अच्छी तरह से विकसित होते हैं। ये अनाज खराब मिट्टी, कम नमी और दुर्लभ कृषि आदानों से जूझ रहे लाखों गरीब और सीमांत महिला और पुरुष किसानों को प्ररित कर रहे हैं। श्री अन्न के उत्पादन में गिरावट के पीछे प्रमुख कारकों में कम फसल उत्पादकता, उच्च श्रम तीव्रता, कठिन कटाई के बाद के संचालन और कीमतों की कमी प्रमुख हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से चावल और गेहूं की आसान उपलब्धता ने श्री अन्न उत्पादक क्षेत्रों में खाद्य खपत के प्रारूप में बदलाव कर दिया है। कुछ अन्य प्रभावित कारकों में, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण में अपर्याप्त निवेश और उनके उपभोग से

जुड़ी निम्न सामाजिक स्थिति की निरंतर धारणा भी शामिल हैं। स्थानीय बाजारों में श्री अन्न के खाद्य पदार्थों की खराब उपलब्धता उनके उत्पादों की ऊंची कीमतों के साथ-साथ उनके लोकप्रियकरण को भी सीमित कर रहे हैं।

प्रसंस्कृत उत्पादों को शामिल करके उपभोक्ता के मांग को प्रोत्साहित कर सकते है, जिसमे यह आवश्यक है कि इन उत्पादों की गुणवत्ता को बनाये रखे। उच्च गुणवत्ता और उपभोक्ता अपील के लिए श्री अन्न के मानकों और खाद्य गुणवत्ता के विकास की अति आवश्यकता है जो श्री अन्न के चावल, सूजी और आटे की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियां और मूल्य वर्धित उत्पाद जो उत्पाद की गुणवत्ता और पोषण से समझौता नहीं करते हैं। उत्पाद मानकों को तत्काल विकसित करना तथा उत्पाद की पहचान और संरचना, पोषण संबंधी तथ्यों और गुणवत्ता और अच्छे उत्पाद भेदभाव को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

विकासशील देशों में बहुत तेजी से शहरीकरण हो रहा है और शहर में मध्यम वर्ग का भी विकास हो रहा है। ये सभी लोग कुछ पारंपरिक खाद्य पदार्थों के आधार पर गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की मांग करते हैं, जो श्री अन्न से बने होते हैं। कई विकासशील देशों के लिए अनाज की लागत बहुत महंगी है, इसलिए, खाद्य प्रोसेसर स्थानीय उत्पादित अनाज को श्री अन्न की जगह खाद्य निर्माण के लिए उपयोग रहे हैं । अब यह स्वीकार किया जा रहा है कि विकासशील देशों में आर्थिक विकास के लिए अनाज आयात करने के बजाय स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित अनाज का उपयोग करना अत्यधिक फायदेमंद है। यह स्थानीय रूप से उगाए गए अनाज के औद्योगिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बताता है।

श्री अन्न का खाद्य उपयोग केवल पारंपरिक उपभोक्ताओं और उनकी खेती के क्षेत्रों तक ही सीमित रहा है। मूल्य वर्धित और उपयुक्त उत्पादों के विकास के लिए पारंपरिक और आधुनिक तरीकों के माध्यम से इस अनाज का प्रसंस्करण निस्संदेह उनके खाद्य प्रथाओं का विस्तार करेगा। रेडी-टू-यूज़ और रेडी-टू-कुक उत्पादों की तैयारी के लिए उनका उपयोग गैर- श्री अन्न उपभोक्ताओं में श्री अन्न की खपत को विकसित करने और इस प्रकार पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में बहुत उपयोगी होगा। ज्वार और मोटे अनाज विशेष रूप से स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले अनाज हैं तथा एंटीऑक्सिडेंट फेनोलिक्स और ग्लूटेन-मुक्त में समृद्ध होने के कारण गुणवत्ता आधारित उत्पादों की मांग भविष्य के परिदृश्य में अधिक होगी। इन सभी कारणों के वजह से विकसित देशों में विशेष खाद्य पदार्थों के रूप में उनकी खपत बढ़ रही है।

## ज्वार और श्री अन्न का संक्षिप्त विवरण

ज्वार और श्री अन्न मक्का की तरह उष्णकटिबंधीय (सी-4) प्रकार के अनाज हैं। तालिका 1 ज्वार और प्रमुख खेती वाले श्री अन्न प्रजातियों के वर्गीकरण को दर्शाती है। ज्वार विशेष रूप से सूखा-सहनशील है और इसके लिए 400 मिमी की न्यूनतम मौसमी वर्षा की आवश्यकता होती है। श्री अन्न विशेष रूप से उन क्षेत्रों में पैदा होता है जहां मौसमी वर्षा 300 मिमी जितनी कम होती है। विश्व उत्पादन की दृष्टि से ज्वार की फसल गेहूँ, मक्का, चावल और जौ के बाद पाँचवाँ सबसे महत्वपूर्ण अनाज है। ज्वार और श्री अन्न की खेती के तरीके अत्यधिक परिवर्तनशील हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका जैसे कुछ देशों में ज्वार का उत्पादन ज्यादातर उच्च उपज वाली संकर किस्मों और मशीनीकृत खेती का उपयोग करके किया जाता है। हालाँकि, अधिकांश ज्वार उत्पादन पारंपरिक मैनुअल कृषि पद्धतियों का उपयोग करके छोटे पैमाने पर किया जाता है। श्री अन्न लगभग विशेष रूप से पारंपरिक छोटे पैमाने की खेती द्वारा ही उत्पादित किए जाते हैं।

**तालिका 1:** ज्वार और प्रमुख श्री अन्न प्रजातियां

| वानस्पतिक नाम | अन्य सार्वजनिक नाम |
|---|---|
| सोरघम<br>सोरघम बाइकलर (एल.) मोएंच | मिलो, ज्वार, मबेला, मतमा |
| फिंगर मिलेट<br>एलुसीन कोराकाना एल. गर्टन | रागी, विम्बि |
| टेफ्<br>एराग्रोस्टिस टेफ (ज़ुकाग्नि) ट्रॉट्टर | टेफ् |
| सफेद फोनियो<br>डिजिटेरिया एक्सिलिस (किपिस्ट) स्टेपफ | फोनियो, अच |
| ब्लैक फोनियो<br>डिजिटेरिया इबुरुआ स्टापफ | काला आचा |
| जापानी बाजरा<br>इचिनोक्लोआ एस्कुलेंटा (ए. ब्रौन) एच.स्कोल्ज़ो | जापानी बरनार्ड मिलेट |
| प्रोसो मिलेट<br>पैनिकम मिलिएसियम एल. सबस्प. मिलिसीयम | आम मोटा अनाज |
| फॉक्सटेल मिलेट<br>सेटेरिया इटालिका (एल.) पी. ब्यूव. सबस्प. इटैलिक | इटेलियन मोटा अनाज |
| पर्ल मिलेट<br>पेनिसेटम ग्लौकम (एल.) आर. ब्र. | बबाला, बाजरा/बाजीरा, महंगु |

## अनाज का रसायन

सोरघम और अधिकांश श्री अन्न को असली कैरियोप्स माना जाता है। एक कैरियोप्सिस एक एकल-बीज वाला फल (जैसे अनाज) होता है जिसमें फलों का कोट या पेरिकार्प बीज को घेर लेता है और बीज के कोट से कसकर चिपक जाता है। फिंगर मिलेट और प्रोसो श्री अन्न अनाज को यूट्रिकल्स के रूप में माना जाता है, और उनका पेरिकारप गिरी के करीब होता है। तालिका 2 ज्वार और कुछ श्री अन्न की कुछ संरचनात्मक विशेषताओं को दर्शाती है। ज्वार की तुलना में मोटे अनाज के दाने काफी छोटे होते हैं । ज्वार और श्री अन्न दोनों में, मूल कर्नेल संरचना समान होती है और प्रमुख संरचनात्मक भाग पेरिकार्प, जर्म और एंडोस्पर्म होते हैं। भ्रूणपोष गिरी का सबसे बड़ा संरचनात्मक घटक बनाता है।

**तालिका 2:** कुछ मोटे अनाज तथा ज्वार की संरचनात्मक विशेषताएं

| **विशेषताएँ** | **ज्वार** | **पर्ल मिलेट** | **फिंगर मिलेट** | **प्रोसो मिलेट** | **फोनियो** | **टेफ** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बीज प्रकार | कैरियोप्सिस | कैरियोप्सिस | उत्रीकिल | उत्रीकिल | कैरियोप्सिस | कैरियोप्सिस |
| 1000-कर्नेल वजन (ग्राम) | 42.5 | 7.8 | 2.3 | 6.1 | 0.5 | 0.8 |
| टेस्टा (परतें) | 1 | 1 | 5 | 1 | 1 | 1 |
| वर्णक | कभी-कभी | कभी-कभी | हाँ | नहीं | नहीं | नहीं |
| अल्यूरोन (परतें) | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| स्टार्च ग्रेन्युल प्रकार | सरल | सरल | कंपाउंड<br>सरल | सरल | सरल | कंपाउंड<br>सरल |
| मोमी प्रकार | हाँ | ना | ना | हाँ | ना | ना |
| प्रोटीन शरीर का आकार (माइक्रोन) | 0.4–2.0 | 0.6–1.2 | 2.0 | 0.5–2.5 | 1.2–1.4 | 1.2–1.4 |

## वर्तमान और उभरते हुए उपयोग

ज्वार के प्रारंभिक उपयोग वास्तव में वर्तमान में सीमित हैं लेकिन श्री अन्न में कई उपयोगों की क्षमता है। ज्वार के लिए मुख्य बाजार लेगर और स्टाउट बियर ब्रूइंग उद्योग है। सोरघम लेगर बीयर बनाना अब पूर्वी और मध्य अफ्रीका में भी तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे कुछ विकसित देशों में ग्लूटेन-मुक्त उत्पादों का एक छोटा और बढ़ता हुआ बाजार है जिसमे विशेष रूप से बीयर सोरघम किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में मुख्य रूप से अन्य बढ़ते बाजार में ब्रेड और मफिन जैसे उत्पाद इनके कुछ उभरते बाजार हैं। ऐसे खाद्य पदार्थों में स्नैक्स, पास्ता और नाश्ते के अनाज के रूप में कुकीज़ और एक्सट्रूडेड उत्पाद भी शामिल हो सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में ज्वार को शामिल करने से उनमे फाइटोकेमिकल्स के स्तर में काफी वृद्धि हो सकती है जो आमतौर पर उपभोक्ताओं के लिए स्वस्थ माने जाते हैं । ज्वार और श्री अन्न से

बायोएक्टिव यौगिकों का उत्पादन व्यावसायिक उद्देश्य के लिए महत्वपूर्ण उपयोगों में से एक है। ज्वार और श्री अन्न में फेनोलिक यौगिकों भरपूर मात्रा मे होता है जिसको ऑक्सीकरण के खिलाफ लिपिड खाद्य पदार्थों के स्थिरीकरण और भोजन की गुणवत्ता में वृद्धि के दौरान प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है । वर्तमान स्थिति में ज्वार तथा श्री अन्न को चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए पोलीकोसैनॉल का एक संभावित कम लागत वाला स्रोत माना जा रहा है (तालिका 3)।

**तालिका 3:** ज्वार और श्री अन्न का वर्तमान और अग्रणी उपयोग

| **वर्तमान उपयोग** | **अग्रणी उपयोग** |
|---|---|
| **भोजन में** | |
| अफ्रीका और एशिया<br>आटा और भोजन | अमेरीका<br>ग्लूटेन मुक्त बेक किया हई चीज़ें |
| अफ्रीका और एशिया<br>गुलगुले, दलिया और मांड़ | अमेरीका<br>खाने के लिए तैयार नाश्ता अनाज |
| अफ्रीका और एशिया<br>चावल | जापान<br>नूडल्स |
| अफ्रीका और केन्द्रिय अमेरिका<br>पतली ब्रेड | अफ्रीका<br>तत्काल दलिया |
| अफ्रीका और भारत<br>माल्टा | अफ्रीका<br>विस्तारित स्नैक फूड |
| **पेय पदार्थ** | |
| **अफ्रीका, यूरोप और एशिया**<br>गैर-मादक किण्वित पेय पदार्थ | अफ्रीका, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया<br>लेगर बीयर और स्टाउट |
| **अफ्रीका और एशिया**<br>अपारदर्शी बियर | |
| **औद्योगिक अनुप्रयोग** | |
| यूएसए और अफ्रीका<br>स्टार्च | अमेरीका<br>स्टार्च से बायोएथेनॉल |

## भोजन के रूप में ज्वार और श्री अन्न के उपयोग संबंधी सीमाएं

पिछले कई दशकों के दौरान कई कारणों से मानव भोजन के रूप में श्री अन्न अनाज की खपत में कमी आई है। श्री अन्न के भोजन को गरीब लोगों का भोजन माना जाता है और मध्यम और उच्च वर्ग के उपभोक्ता इससे परहेज करते हैं। कई औद्योगिक देश कम कीमत वाले गेहूं के आटे का निर्यात करते हैं इसलिए स्थानीय श्री अन्न उत्पाद आर्थिक रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते हैं। अधिकांश उपभोक्ता ऐसे खाद्य उत्पादों को पसंद करते हैं जो सस्ती कीमत पर स्वाद, बनावट, रंग और उच्च शेल्फ उत्पादों की आपूर्ति करते हैं, लेकिन श्री अन्न खाद्य उत्पाद आमतौर पर इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पोषण विशेषज्ञ मानते हैं कि श्री अन्न की किस्मों में टैनिन होते हैं जो उन्हें भोजन के उपयोग के लिए सीमित करते हैं। अनाज के विकास के दौरान पर्यावरणीय परिस्थितियां अनाज की उपस्थिति को गंभीर रूप से चिह्नित करती हैं। इन दानों पर अनाज खाने वाले कीड़े आदतन हमला करते हैं और अनाज के क्षतिग्रस्त क्षेत्र कवक के हमले के लिए

उपयुक्त हो जाते हैं। परिपक्वता के दौरान और बाद में गर्म और आर्द्र वातावरण अनाज की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते है। अधिकतर मोल्ड अनाज को विकृत कर देते हैं, भ्रूणपोष को तोड़ देते हैं और प्रसंस्करण गुणों को काफी खराब कर देते हैं। मोल्ड से प्रभावित अनाज गंभीर रूप से फीके पड़ जाते हैं और भोजन के लिए पसंद नहीं किए जाते है।

**मोटे अनाज से जुड़ी कुछ समस्याएं:**

1. कठोर परिधीय भ्रूणपोष परत की उपस्थिति के कारण श्री अन्न स्टार्च की खराब पाचनशक्ति होती है।
2. भोजन में गहरा रंग, कड़वाहट और कसैलापन होने से श्री अन्न आधारित भोजन की संवेदी गुणवत्ता प्रभावित होती हैं।
3. टैनिन प्रोटीन की अवशोषण को सीमित करते हैं।
4. फाइटिक अम्ल की उच्च मात्रा (0·50–0·70%) होने के कारण ये कई खनिजों के अवशोषण को प्रभावित करते है।
5. कठोर पेरिकारप के साथ श्री अन्न के मैनुअल डीहस्किंग या प्रसंस्करण में विशेष रूप से महिलाओं के लिए बहुत अधिक कठिन परिश्रम करना पड़ता है।
6. श्री अन्न से संसाधित या अर्ध-प्रसंस्कृत उत्पादों का लाइपेस गतिविधि के कारण कम अचल जीवन होता है
7. श्री अन्न और ज्वार के दानों को भंडारण के दौरान कीटों के नुकसान का खतरा होता है।
8. मोटे अनाज के प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और भंडारण के संबंध में बुनियादी ढांचे और जागरूकता की कमी है।

**बाधाओं पर काबू पाने के लिए रणनीतियाँ**

हमें श्री अन्न से उत्कृष्ट खाद्य उत्पादों को विकसित करने की आवश्यकता है । कई खाद्य आधारित दृष्टिकोणों की मदद से हम स्वीकार्य व्यवसाय और मूल्य वर्धित उत्पादों को प्राप्त कर सकते हैं।

**पोषण मूल्य**

श्री अन्न के अनाज के घटकों (प्रोटीन, तेल और स्टार्च) के पोषक मूल्य और कार्यक्षमता में सुधार किया जाना अति आवश्यक है। अन्य घटकों, जैसे लिपिड, फाइबर, खनिज, और एंटीऑक्सिडेंट की सामग्री या कार्यक्षमता में सुधार के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण शोध भी किया गया है। प्रोटीन और स्टार्च की मात्रा और संरचना अनाज के विकास के दौरान जीनोटाइप और कृषि संबंधी स्थितियों, जैसे, पानी की उपलब्धता, मिट्टी की उर्वरता, तापमान और पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण भिन्न होती है ।

विकासशील देशों में जहां मानव आहार में मुख्य रूप से अनाज होते हैं वहा प्रोटीन की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण होती है । श्री अन्न आधारित आहार एक पूरक की तरह भोजन में अधिकांश अमीनो एसिड की कमी को दूर कर

सकता है। एल्ब्यूमिन, ग्लोब्युलिन और ग्लूटेलिन अंशों में काफिरिन की तुलना में अधिक लाइसिन और अन्य आवश्यक अमीनो एसिड होते हैं। बेहतर प्रोटीन गुणवत्ता वाली किस्मों में अधिक प्रोटीन होते हैं, जिसमें काफिरिन का अनुपात कम होता है। बेहतर अमीनो एसिड सामग्री, प्रोटीन पाचनशक्ति, कठिन एंडोस्पर्म बनावट, और अनाज मोल्ड प्रतिरोध के साथ ज्वार का उत्पादन करने के लिए अभी भी काफी शोध की आवश्यकता है, क्योंकि बढ़ी हुई पाचनशक्ति लगभग हमेशा परिपक्वता मोल्ड और गिरावट के बाद अनाज की संवेदनशीलता को बढ़ाती

## मूल्यवर्धित उत्पाद

सोरघम और श्री अन्न खाद्य पदार्थों को विकसित करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उच्च मूल्य वाले उत्पादों जो उपयुक्त और उच्च शेल्फ लाइफ रखते हो उनको तैयार करना है जिससे कीमत आयातित उत्पादों की तुलना में थोड़ी कम हो सके है। आज के परिदृश्य मे कम लागत और निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों को विकसित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उच्च खाद्य गुण वाले खाद्य पदार्थों को विकसित करना आवश्यक है जो सुविधा, स्वीकार्य स्वाद और बनावट के वजह से उच्च दे सके। मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास में उल्लिखित सामान्य प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है जिसमे प्रमुख इस प्रकार है:

1) एक महंगे उत्पादों को पहचानना और बाजार में उपर्युक्तजगह बनाना

2) कम इनपुट वाली प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके मोटे अनाज ज्वार उत्पादों का विकास करना

3) किसानों और उत्पादकों को शिक्षित करना।

## अनाज की गुणवत्ता

ज्वार और श्री अन्न प्रजनन उद्देश्यों को प्रति हेक्टेयर उपयोगी उत्पादों, मूल्य वर्धित विशेषताओं, आर्थिक अनाज की पैदावार और गुणवत्ता और मोल्ड/ हेड बग प्रतिरोध की ओर इंगित किया जाना चाहिए। ज्वार के फसल में प्रजनकों को यह पहचानना चाहिए कि कई क्षेत्रों में भोजन की गुणवत्ता गंभीर रूप से आवश्यक है और इसे अनाज की उपज का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। हमारी प्रमुख प्राथमिकता बेहतर स्थानीय किस्मों को विकसित करना होना चाहिए जो मोल्ड, अपक्षय और कीड़े के लिए प्रतिरोधी हों, जिनमें प्रकाश संवेदनशीलता हो और भोजन की अच्छी गुणवत्ता भी हो। ऐसी किस्मों का उपयोग मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए किया जाना उचित रहेगा है। कुछ सफेद और पीले बीज वाले मोटे अनाज हैं जिनमें हल्के रंग के खाद्य उत्पादों के साथ उत्कृष्ट मिलिंग गुण (कठोरता, गोलाकार आकार, सफेद एंडोस्पर्म) रखते हैं। विशिष्ट मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्माण में उपयोग के लिए उपयोगी गुणों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

## मोटे अनाज और ज्वार में टैनिन का पाया जाना

टैनिन ज्वार में कुछ प्रमुख जीन के संयोजन के कारण बनने लगता है संघनित टैनिन के महत्वपूर्ण स्तर में वृद्धि हो जाती हैं। सोरघम टैनिन कैटेचिन हैं जो कम फ़ीड दक्षता और अनाज के प्रसंस्करण का कारण बनते हैं। सभी ज्वार में कई फेनोलिक यौगिक होते हैं जो सामान्य फिनोल जैसे प्रतिक्रिया देते हैं।

## अनाज की गुणवत्ता पर फफूंदी और कीट का प्रभाव

कई श्री अन्न उत्पादक क्षेत्रों में मोल्ड्स और बग्स की प्रमुख समस्याओं को जल्दी दूर अति आवश्यक होता है। यह पश्चिम अफ्रीका में गंभीर रूप से महत्वपूर्ण है, जहां नए बेहतर प्रकारों को हेडबग्स और मोल्ड से काफी हद तक दूर किया गया है। खुले पैन्कल्स, पतले पेरिकारप, संघनित टैनिन, कॉर्नियस एंडोस्पर्म और बड़े ग्लूम्स के साथ ज्वार आमतौर पर मोल्ड्स और अपक्षय के लिए अधिक प्रतिरोधी होता है। ज्वार में कुछ रोगाणुरोधी प्रोटीन को भी बताया गया है, जिससे सफेद ज्वार का उत्पादन है और मोल्डों के प्रति अधिक सहनशीलता मे उपयोगी होती है। ज्वार फसल से पहले कभी भी एफ्लाटॉक्सिन विकसित नहीं करता है, लेकिन जब अनाज का वातावरण में संपर्क होता है तो एफ्लाटॉक्सिन के स्तर बढ़ने लगता है।

## गुणवत्ता पैरामीटर और मूल्यांकन

### मिलिंग (सूखी)

दलिया और पके हुए माल बनाने के लिए भोजन (मोटे कण) और आटा प्राप्त करने के लिए, ज्वार और श्री अन्न सूखी और पिसी होनी चाहिए। मिलिंग में न अनाज के छोटे कणों बनाना, अनाज के अन्य बाहरी घटकों, जर्म और पेरिकारप को हटाने होता है, जिन्हें आमतौर पर चोकर के रूप में उल्लेख किया जाता है। ज्वार और मक्का के रूप में अनाज में भ्रूणपोष कठोर होता है। सैद्धांतिक रूप में, अनाज को कठोर बनाने में भ्रूणपोष के स्टार्च और प्रोटीन की पकड़ शामिल होती है। श्री अन्न और शर्बत अनाज की कठोरता कर्नेल घनत्व से जुड़ी होती है। परीक्षण वजन का निर्धारण करके अनाज के कर्नेल घनत्व का आकलन किया जाता है। कुछ देशों में ज्वार को ग्रेड करने के लिए परीक्षण वजन का उपयोग किया जाता है। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (इक्रिसेट) भी ज्वार और मोती श्री अन्न अनाज के सही घनत्व को निर्धारित करने के लिए एक परीक्षण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश बनाया है। ज्वार और श्री अन्न कठोरता के लिए सबसे आम परीक्षण विधि रीचर्ट एट अल द्वारा विकसित टैंगेंशियल एब्रेसिव डीहुलिंग डिवाइस (टीएडीडी) है। कॉर्नियस एंडोस्पर्म के उच्च अनुपात वाले अनाज सख्त होते हैं। इसलिए ज्वार और श्री अन्न की कठोरता का अनुमान कॉर्नियस के आटे के एंडोस्पर्म के अनुपात के संदर्भ में लगाया जा सकता है।

### दलिया बनाने की गुणवत्ता

दुनिया भर में ज्वार और श्री अन्न के प्रमुख खाद्य उपयोग दलिया और दलिया आधारित खाद्य बना रहा है। उपभोक्ता के दृष्टिकोण से, दलिया की संघटन एक बहुत ही आवश्यक गुणवत्ता पैरामीटर है। दलिया बनावट कई कारकों से प्रभावित होती है, जिसमें भोजन कण आकार, मिलिंग की विधि और भोजन रासायनिक संरचना के साथ-साथ आटा-पानी अनुपात भी शामिल है। अनाज की रासायनिक संरचना के प्रभाव को बहुत अपूर्ण रूप से समझा जाता है, लेकिन स्टार्च एमाइलोज-एमाइलोपेक्टिन अनुपात जैसे कारक निश्चित रूप से एक भूमिका निभाते हैं। ज्वार और श्री अन्न की दलिया बनाने की गुणवत्ता को मानकीकृत परिस्थितियों में दलिया तैयार करके और फिर दलिया की बनावट को मापकर निर्धारित किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, संवेदी मूल्यांकन द्वारा दलिया की गुणवत्ता का अधिक व्यापक मूल्यांकन किया जा सकता है।

## पके हुए माल बनाने की गुणवत्ता

पके हुए माल (रोटी, केक और कुकी) के उत्पादन के लिए आवश्यक ज्वार की गुणवत्ता के लिए कई रिपोर्टें उपलब्ध हैं। ये दिखाते हैं कि नरम, मैदायुक्त भ्रूणपोष कठोर, कॉर्नियस भ्रूणपोष की तुलना में पके हुए माल बनाने के लिए बेहतर है।

## माल्टिंग और ब्रूइंग गुणवत्ता

दक्षिणी अफ्रीका में, बीयर के उत्पादन के लिए ज्वार और श्री अन्न को बड़े पैमाने पर व्यावसायिक रूप से माल्ट किया जाता है। उप-सहारा अफ्रीका में ज्वार, श्री अन्न को पारंपरिक अफ्रीकी अपारदर्शी और बियर बनाने के लिए माल्ट किया जाता है। नाइजीरिया में, सोरघम को बड़े पैमाने पर व्यावसायिक रूप से माल्ट किया जाता है ताकि स्टाउट बियर का उत्पादन किया जा सके। किसी भी अनाज के लिए अच्छी गुणवत्ता के माल्ट का उत्पादन करने के लिए, यह आवश्यक है कि बहुत अधिक प्रतिशत अनाज गलने की स्थिति में समान रूप से अंकुरित हो । ज्वार और श्री अन्न ज्यादातर खराब भंडारण की स्थिति, मुख्य रूप से उच्च आर्द्रता और तापमान से प्रभावित होते हैं।

## फाइटोकेमिकल गुणवत्ता

भोजन और स्वास्थ्य के मामले में, फाइटोकेमिकल्स गैर-पोषक जैव-रसायन हैं जिनका सुरक्षात्मक या रोग-निवारक प्रभाव पाया गया है। ये आवश्यक पोषक तत्व नहीं हैं तथा जैविक प्रक्रिया के लिए शरीर के चयापचय के लिए अनिवार्य नहीं हैं। हालांकि, कई फाइटोकेमिकल्स कई पुरानी बीमारियों जैसे कि कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप की स्थिति के बचाव और उपचार से संबंधित पाए गए हैं। ऑक्सीकरणरोधी गतिविधि के कारण, कुछ फेनोलिक यौगिकों को कुछ कैंसर के जोखिम को कम करने और शरीर की कोशिकाओं की मदद करने तथा उनकी रक्षा करने के लिए पाया गया है। ज्वार और श्री अन्न में फेनोलिक यौगिकों को मोटे तौर पर फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और संघनित टैनिन में वर्गीकृत किया जाता है। संघनित टैनिन को फ्लेवन-3-ओल ओलिगोमर्स की क्षमता के कारण प्रोएथोसायनिडिन भी कहा जाता है।

क्लोरोक्स ब्लीच परीक्षण का उपयोग ज्वार के दानों में पिगमेंटेड टेस्टा (संघनित टैनिन की उपस्थिति या अनुपस्थिति) की उपस्थिति या अनुपस्थिति को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। अनाज को विरंजन अभिकर्मक (सोडियम हाइपोक्लोराइट का एक क्षारीय घोल) में भिगोया जाता है और लगभग 20 मिनट के लिए कमरे के तापमान पर रख कर छोड़ दिया जाता है। टैनिन सोरघम के लिए, अभिकर्मक पेरिकारप को भंग कर देता है और टेस्टा के घटकों को ऑक्सीकरण करता है और अनाज की सतह पर काले रंगद्रव्य विकसित करता है। गैर-टैनिन ज्वार का विकास काला नहीं होता है। यह विधि महंगी और प्रदर्शन करने में थोड़ी मुस्किल होती है। हालांकि, विधि यह टैनिन सामग्री का मात्रात्मक तथा प्रकार के बीच अंतर भी नहीं करता है। हाल ही में बाजरे का ब्लीच परीक्षण को सफलतापूर्वक लागू किया गया है ।

## पोषण विरोधी गुणवत्ता

ज्वार में पोषण-रोधी यौगिक जैसे प्रोटीन अवरोधक, गैलेक्टो-ऑलिगोसेकेराइड, लेक्टिन, यूरिया, फाइटेट, टैनिन, फेनोलिक्स और सैपोनिनि आदि जैविक क्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मानव और पशु जीवों पर इन यौगिकों का प्रभाव आंशिक रूप से नकारात्मक पाया है क्योंकि ये पोषक तत्वों की पाचनशक्ति और खनिजों के अवशोषण को कम करते हैं। वे कई अंगों के कार्यों पर उनके नकारात्मक प्रभाव के परिणामस्वरूप विकास को भी रोक सकते हैं और अनाज में उनकी उपस्थिति खाद्य उत्पादों के विकास के लिए उपयुक्त और बेहतर नहीं है।

श्री अन्न क्षारीय पीएच पर भूरे से पीले-हरे रंग में और अम्लीय परिस्थितियों में आंशिक रूप से भूरे से मलाईदार सफेद में विपरीत रूप से रंग बदलता है और यह ग्लूकोसिलविटेक्सिन, ग्लूकोसिलोरिएंटिन और विटेक्सिन जैसे कुछ फेनोलिक यौगिकों के कारण होता है। पॉलीफेनोलिक्स और टैनिन जैव रासायन चोकर भाग में केंद्रित होते है। मोटे अनाज की कई किस्मों में टैनिन होते हैं और टैनिन इन विट्रो प्रोटीन पाचनशक्ति को बहुत प्रभावित करता है। मोटे अनाज में ऑक्सालिक एसिड यौगिकों भी पाया गया है जो कैल्शियम अणु के साथ एक अघुलनशील मिश्रण बनाता है जो अंततः इस खनिज की जैविक उपलब्धता को कम कर देता है।

## गुणवत्ता प्रबंधन उपकरण

ज्वार और श्री अन्न का व्यापक रूप से पारंपरिक खाद्य उत्पादों और पशुओं के चारे के लिए उपयोग किया जाता है। हाल ही में वे धीरे-धीरे खाद्य उत्पादों के आधुनिक विकास में उपयोग किए जाने लगे हैं जिसमे विशेष रूप से लस  मुक्त और कई स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद, जैसे लेगर बियर, और बायोएथेनॉल शामिल है। इनका व्यापक उपयोग अनाज और उनके उत्पादों के लिए निर्देशात्मक गुणवत्ता कारक हैं, जिनका मूल्यांकन विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जाता है। आमतौर पर अनाज की भौतिक विशेषताएं, जैव रासायनिक संरचना और खाद्य सुरक्षा प्रमुख कारक हैं। कई कानूनी फोरम में ज्वार और श्री अन्न के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली पर विशेष बल दिया गया है जिसका प्रमुख उद्देश्य व्यवसाय को आसान बनाना है। ज्वार और श्री अन्न के मूल्य श्रृंखला में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों का समर्थन करने के लिए वर्तमान में कई बहु आयामी पद्धतियों की आवश्यकता है।

गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली में, परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हुए संख्यात्मक डेटा का विश्लेषण करने के लिए कई सांख्यिकीय तरीके भी विकशित किये गए हैं। हालांकि, व्यापार की दुनिया में, ग्राहकों की आवश्यकताओं तथा  डेटा का विश्लेषण करना भी महत्वपूर्ण है, और इस प्रकार प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करना भी जरूरी है। दोनों क्षेत्रों में, संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन (टी.क्यू.एम) पसंदीदा लक्ष्यों और परिणामों तक पहुंचने में मदद करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, संख्यात्मक डेटा के विश्लेषण और व्याख्या के लिए सात सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण उपकरणों में शामिल हैं: डेटा शीट, कारण और प्रभाव आरेख, स्कैटर आरेख, फ़्लोचार्ट, पारे टू चार्ट, हिस्टोग्राम और नियंत्रण चार्ट। इन विचारों के साथ परिचालन करते समय, निम्नलिखित प्रबंधन और नियोजन उपकरण का उपयोग किया जाता है:

(1) आत्मीयता आरेख,(2) अंतर्संबंध आरेख,(3) वृक्ष आरेख,(4) मैट्रिक्स आरेख,(5) प्राथमिकता मैट्रिक्स,(6) प्रक्रिया निर्णय कार्यक्रम चार्ट,(7) गतिविधि नेटवर्क आरेख

**संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन के नियम (टी.क्यू.एम)**

कुल गुणवत्ता प्रबंधन का प्राथमिक उद्देश्य उत्पाद निर्माण के साथ सभी व्यापार को जोड़कर ग्राहक लाभ तक पहुंचना है। टी.क्यू.एम. निम्नलिखित सिद्धांतों पर कार्य करता है:

1. लोगों को शामिल करें और उनका सम्मान करें, 2. प्रक्रियाएं, लोग नहीं, समस्या हैं, 3. हर कर्मचारी गुणवत्ता के लिए जवाबदेह है, 4. हर कोई ग्राहक और आपूर्तिकर्ता है,5. समस्याओं से तुरंत बचें,6. ग्राहकों को ठीक से तैयार करें और वितरित करें, 7. नियमित गुणवत्ता सुधार, 8. गुणवत्ता को नियमित रूप से प्रबंधित करें, 9. गुणवत्ता सुधार की योजना बनाना, 10. दोष मुक्त मानक का प्रयोग करें

**11 कुल गुणवत्ता प्रबंधन (टी.क्यू.एम) के चरण**

रखरखाव के लिए दस चरणों का पालन करना पड़ता है जिन्हें एक टीक्यूएम कार्यक्रम के लिए मौलिक के रूप में प्रलेखित किया जाता है।

1. नए रणनीतिक विचार का पालन करना, 2. अपने ग्राहकों को पहचानना, 3. ग्राहक की सही आवश्यकताओं को संग्रह करना, 4. बदलाव से ज्यादा रोकथाम पर विचार, 5. पुराने अपशिष्ट को कम करना, 6. निरंतर वृद्धि नीति का पालन करना 7. प्रक्रिया बढ़ाने के लिए संरचित नीति का प्रयोग करना, 8. भिन्नता घटाना, 9. एक स्थिर दृष्टिकोण का प्रयोग करना, 10. सभी कार्यों पर उचित नियम लागू करना

**तालिका 4:** कृषि खाद्य उत्पाद की खाद्य गुणवत्ता को परिभाषित करने वाले बिभिन्न कारक

| पोषण गुण | कार्यात्मक गुण | संगठनात्मक गुण | स्वच्छता गुण |
|---|---|---|---|
| • पोषक तत्वों की आपूर्ति पोषण मूल्य लेबल<br>• सामग्री<br>• ऊर्जा<br>• योजक | •कीमत<br>• पैकेजिंग, उपभोक्ता के लिए उपयोगिता<br>• शेल्फ प्रदर्शन ग्राहक सेवा | • सुगंध,<br>• स्वाद,<br>•बनावट<br>•अन्य | •मूलभूत वातावरण प्रमाणित करने के लिए कि खाद्य पदार्थ मानव के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं हैं |

**कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन मानक**

गुणवत्ता प्रबंधन के लिए चारा अनाज, ज्वार का आटा, बाजरा अनाज और मोती बाजरा के आटे के लिए मानक उपलब्ध हैं। ये मानक मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा के बारे में हैं और जहरीले बीज, भारी धातु, कीटनाशक अवशेष और मायकोटॉक्सिन जैसी चिंताओं को कवर करते हैं। ज्वार अनाज के मामले में, टैनिन सामग्री (तालिका 5) के संबंध में एक गुणवत्ता विनिर्देश है। टैनिन के लिए अनुशंसित अधिकतम स्तर पूरे अनाज के लिए 0.5% और विकृत अनाज के लिए 0.3% इंगित किया गया है, हालांकि टैनिन सामग्री के मूल्यांकन की विधि निर्दिष्ट नहीं है। ज्वार और बाजरा में भी समीपस्थ संरचनागत मानक होते हैं। बाजरा अनाज में कच्चे फाइबर सामग्री के लिए सबसे सुविधाजनक मानक उपलब्ध हैं, क्योंकि उच्चतम 3.0–4.5% और 2.0% क्रमशः साबुत और सूखे अनाज के लिए इंगित किए जाते हैं। बाजरे के आटे के लिए कच्चे फाइबर विनिर्देश के लिए भी उपलब्ध है, जो अधिकतम 1.5% है ।

**तालिका 5:** ज्वार अनाज के लिए कोडेक्स खाद्य सुरक्षा मानकों का सारांश

| कुछ महत्वपूर्ण कारक | विवरण |
|---|---|
| सामान्य | • अनाज सुरक्षित और मानव उपभोग के लिए उपयुक्त होना चाहिए।<br>• अनाज असामान्य स्वाद और जीवित कीड़ों से मुक्त होना चाहिए।<br>• अनाज मानव स्वास्थ्य के लिए खतरे से मुक्त होना चाहिए। |
| आर्द्रता-मात्रा | • 14.5% मी/मी अधिकतम |
| जहरीले या हानिकारक बीज | मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम से मुक्त होना चाहिए।<br>• क्रोटोलारिया (टोलारिया एस।), क्रोमेटोलारिया (एप्रोस्टेम्मा गिथागो एल.), कैरेक्टर गुण (फिसिनस कम्प्रिस एल.), गमसन वीड (धतूरा एस.) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मने जाते है। |
| दोष | • कुल दोष 8.0% से अधिक नहीं।<br>• 2.0% से अधिक बाहरी पदार्थ नहीं, जिनमें से 0.5% से अधिक अकार्बनिक पदार्थ नहीं होंगे।<br>• गंदगी - 0.1% मी/मी अधिकतम। |
| भारी धातुएँ | भारी धातुओं से मुक्त होना चाहिए जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकता है। |
| कीटनाशक अवशेष | कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन द्वारा स्थापित अधिकतम अवशेष सीमा का अनुपालन होना चाहिए। |
| माइकोटॉक्सिन | • कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन द्वारा स्थापित अधिकतम माइकोटॉक्सिन सीमाओं का पालन होना चाहिए। |
| स्वास्थ्य-रक्षा | • अच्छे निर्माण अभ्यास में जितना संभव हो, आपत्तिजनक पदार्थ से मुक्त उत्पाद होना चाहिए।<br>• सूक्ष्मजीवों से मुक्त होना चाहिए जो स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकते है।<br>• परजीवियों से मुक्त होना चाहिए जो स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।<br>• सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्पन्न किसी भी पदार्थ की मात्रा इतनी भी नहीं होना चाहिए जो स्वास्थ्य के लिए खतरा हो |

## खाद्य उद्योग में गुणवत्ता प्रबंधन आधार

इन में से प्रत्येक का समग्र गुणवत्ता प्रबंधन प्रक्रिया में एक महतवपूर्ण हिस्सा है

## कच्चा माल नियंत्रण

कच्चे माल खाद्य उत्पाद बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली मूल सामग्री हैं। ये फल और सब्जियां हो सकती हैं जिनकी खेती और कटाई की जाती है या गाय, मुर्गियां, सूअर और भेड़ भी हो सकती है उनके मांस, अंडे उपयोग में आते है और डेयरी उत्पादों भी हो सकते हैं। स्वाभाविक रूप से, कच्चे माल का नियंत्रण सीधे प्रक्रिया नियंत्रण से संबंधित है क्योंकि कच्चे माल को प्रसंस्करण चरणों तक पहुंचने से पहले कुछ दिशा निर्देशों को पूरा करने की आवश्यकता होती है।

## प्रक्रिया नियंत्रण

यह खाद्य निर्माण की प्रक्रिया से संबंधित है। अंततः, निवारक उपायों का उपयोग सुधारात्मक उपायों के साथ किया जाता है - निवारक रणनीतियाँ केवल बाहरी कारकों जैसे पर्यावरण, भंडारण और ऐसी अन्य स्थितियों के कारण गुणवत्ता कुछ निश्चित मुद्दों को हल कर सकती हैं। इस अप्रत्याशितता के परिणामस्वरूप कई निर्माता हैज़र्ड एनालिसिस क्रिटिकल कंट्रोल पॉइंट (एचएसीसीपी) सिस्टम के अनुसार काम करते हैं। यह प्रणाली खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ खाद्य खराब होने और अन्य संभावित खाद्य जोखिमों पर केंद्रित है। कुल गुणवत्ता

प्रबंधन (टीक्यूएम) और आईएसओ 9000 मानक भी विनिर्माण प्रक्रियाओं और गुणवत्ता दिशानिर्देशों से संबंधित हैं।

## तैयार उत्पाद निरीक्षण

तीसरा सिद्धांत अंतिम उत्पाद पर केंद्रित है - पैकेज्ड फूड जिसे बाद में उपभोक्ताओं और आपूर्तिकर्ताओं को बेचा जाता है। विभिन्न चरणों में किए गए परीक्षण के कई रूप हैं - दृश्य अवलोकन, शारीरिक परीक्षण और रासायनिक परीक्षण कुछ उदाहरण हैं। एक सख्त निगरानी प्रक्रिया के साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता नियंत्रण निर्धारित करने के लिए माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण बहुत प्रभावी है, जिसमें रिकॉर्ड, डेटा संग्रह और रुझानों का विश्लेषण शामिल है। आंतरिक परीक्षकों के साथ बाहरी निरीक्षकों का भी उपयोग किया जाता है। सिस्टम को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के लिए डिज़ाइन किया गया है जब किसी भी उत्पाद ने निरीक्षण के किसी भी चरण में सुरक्षा और खतरे के जोखिम को कम करने के लिए सावधान करता हैं।

हालांकि यह किसी भी तरह से खाद्य उद्योग के भीतर गुणवत्ता प्रबंधन की जटिल भूमिका के लिए एक निश्चित मार्गदर्शिका नहीं है, यह कम से कम ऐसे उद्योगों के लिए एक प्रभावी रणनीति के महत्व और मदद करने के लिए गुणवत्ता प्रबंधन सॉफ्टवेयर पर विचार करने की आवश्यकता के बारे में अधिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। गुणवत्ता प्रबंधन खाद्य उद्योग के भीतर सेंसिंग, प्रसंस्करण और पैकेजिंग के कई अलग-अलग चरणों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पोषक मूल्य पर बुनियादी कानूनों और विनियमों के अलावा, गुणवत्ता के स्तर में शेल्फ-लाइफ, कच्चे माल, स्वाद, बनावट, परिरक्षकों के उपयोग और कई अन्य संकेतक जैसे कारक भी शामिल होते हैं। खाद्य निर्माताओं के लिए मानकीकरण प्राप्त करने और उपभोक्ताओं और अधिकारियों की मांगों को पूरा करने के लिए एक कुशल गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) का पालन करना अधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

## निष्कर्ष

लगभग सभी खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं में, उत्पाद ट्रैकिंग के लिए आवश्यक कुछ या सभी जानकारी खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन कार्यक्रमों से उपलब्ध होती है, जैसे कि पूर्वापेक्षित कार्यक्रमों और एचएसीसीपी प्रणाली के लिए। उत्पाद ट्रैसेबिलिटी के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण हैं जो विभिन्न लागतों और दक्षता के विभिन्न स्तरों को पूरा करते हैं। चुनी गई प्रणाली को कंपनी के उद्देश्यों और इसकी तकनीकी, प्रशासनिक और वित्तीय क्षमता के लिए तैयार किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सिस्टम को प्रभावी ढंग से और कुशलता से कार्यान्वित और संचालित किया जा सके। पेरिकारप हटाने की आसानी में भिन्नता और अनाज को महीन आटे में मिलाने की क्षमता को निर्धारित करने और उसका दोहन करने की आवश्यकता है। कठोर भ्रूणपोष वाले अनाजों में आम तौर पर कम अनाज की ढलाई होती है और इससे महीन आटा निकलता है। उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन मक्का के साथ समानता बनाए रखने के लिए हार्ड एंडोस्पर्म सोरघम में बढ़ी हुई लाइसिन सामग्री और प्रोटीन पोषण मूल्य की आवश्यकता होती है। रोग और कीट प्रतिरोध के लिए जैव रासायनिक तंत्र प्रदान करते हुए, टैनिन और फिनोल की जैव-सक्रियता का समावेश भोजन की गुणवत्ता विशेषताओं से अलग नहीं होना चाहिए। बेहतर उपयोग क्षमता वाले ज्वार और बाजरा को इस तरह से संभालने की जरूरत है कि उपयोग के माध्यम से उत्पादन से उनकी पहचान बरकरार रहे।

—❖—

# खाद्य उत्पादन एवं पर्यावरणीय संतुलन

**निधि जोशी[1] एवं रीता सिंह रघुवंशी[2]**

**[1]कृषि विज्ञान केंद्र, भाकृअनुप-सीआईएई, भोपाल, मध्य प्रदेश**

**[2]खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

## परिचय

भूख और मोटापे का वैश्विक विरोधाभास, न्यूनतम संसाधन उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव के साथ खाद्य उत्पादन में वृद्धि, समान खाद्य वितरण और भोजन की बर्बादी को कम करना, प्राथमिक खाद्य एवं पर्यावरणीय समस्याएं हैं। बढ़ती आबादी को पोषण प्रदान करने की चुनौती खाद्य सुरक्षा और पारिस्थितिक स्थिरता के बीच अवांछनीय अस्थिरता पैदा करती है। खाद्य उत्पादन और खपत को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों के द्वारा सामूहिक और ठोस कार्रवाई, जलवायु परिवर्तन और खाद्य असुरक्षा से निपटने के लिए समय की मांग है।

जलवायु परिवर्तन एक लंबी अवधि में प्राकृतिक और मानवीय गतिविधियों के कारण जलवायु प्रणाली में परिवर्तनशीलता को संदर्भित करता है। 18वीं और 19वीं शताब्दी के अंत में औद्योगिक युग का उदय जीवाश्म ईंधन और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग के साथ हुआ है। मानवजनित गतिविधियों के कारण पारिस्थितिक संतुलन में गड़बड़ी के परिणामस्वरूप वैश्विक तापमान, वर्षा पैटर्न, सूखे और बाढ़ जैसी प्रतिकूल जलवायु घटनाओं में परिवर्तनशीलता में वृद्धि हुई है। अप्रत्याशित जलवायु घटनाएं पृथ्वी पर सभी जीवित प्रजातियों के अस्तित्व पर महत्वपूर्ण असर डालती है। कृषि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है। यह क्षेत्र दुनिया भर में 2.5 बिलियन लोगों को आजीविका प्रदान करता है । इस क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन की दर को कम करने की भी क्षमता है। कृषि भूमि कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती है और वातावरण में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को कम करती है। मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड के साथ कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस प्रभाव के लिए जिम्मेदार है। हालांकि, कृषि द्वारा अनुक्रमित कार्बन की मात्रा वैज्ञानिक कृषि प्रणाली पर निर्भर करती है। 2050 तक 9.7 बिलियन लोगों को पोषित करने की चुनौती खाद्य सुरक्षा और पारिस्थितिक स्थिरता के बीच अवांछनीय व्यापार-बंद प्रदर्शित करती है।

भोजन मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। भोजन के उत्पादन के लिए मिट्टी, भूमि, पानी, ऊर्जा और जैव विविधता आवश्यक प्राकृतिक संसाधन हैं। कृषि उत्पादन और संसाधन उपयोग के बीच समन्वय पृथ्वी को संतुलन में रखता है। हालांकि, खाद्य पदार्थों के अधिक उत्पादन के लिए अपनायी गयी अस्थिर कृषि पद्धतियां, पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन को असंगत बना रही हैं। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कृषि का 22 प्रतिशत योगदान है और पृथ्वी की सतह के 11 प्रतिशत हिस्से पर कृषि उत्पादन किया जाता है। खाद्य उत्पादन लगभग 70 प्रतिशत के सबसे व्यापक मीठे पानी के उपयोग के लिए जिम्मेदार है । जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं का विरोधाभास खाद्य उत्पादन प्रणाली को नुकसान पहुँचाता है, जो दुनिया भर के अरबों लोगों की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालता है। हम खाद्य उत्पादन के पर्यावरणीय बोझ को कम करते हुए बढ़ती आबादी को खिलाने की वैश्विक चुनौती का सामना कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, 2050 तक 9 अरब लोगों को खिलाने के लिए खाद्य उत्पादन में 60 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए । पर्याप्त भोजन सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ता है, जिनका पहले से ही दोहन हो रहा है। खाद्य असुरक्षा, भूख, मोटापा, और अपक्षयी रोग मानव पीढ़ी के सतत विकास को सीमित करने वाले कारक हैं। वर्तमान खाद्य प्रणाली की विडम्बना यह है कि 690 मिलियन लोग हर रात भूखे सोते हैं । लगभग 2 बिलियन लोगों के आहार में विटामिन और खनिज की कमी है, जो की शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक हैं। मोटापे का बढ़ता प्रसार दुनिया भर में कुपोषण के तिहरे बोझ को जोड़ता है। पृथ्वी पर मानव जाति को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध है, लेकिन अप्रभावी वितरण तंत्र खाद्य प्रणाली को विफल साबित करता है। इस प्रकार, भूख और मोटापे का वैश्विक विरोधाभास, न्यूनतम संसाधन उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव के साथ खाद्य उत्पादन में वृद्धि, और कम भोजन हानि और अपशिष्ट के साथ समान खाद्य वितरण, प्राथमिक खाद्य और पर्यावरणीय समस्याएं हैं।

खाद्य फसलों की कुल 20,000 प्रजातियों में से केवल चार फसलों, गेहूं, चावल, मक्का और आलू, से हमें 70 प्रतिशत कैलोरी प्राप्त होती है । पिछले दशक में शहरीकरण और बढ़ती आय से प्रेरित आहार परिवर्तन ने समृद्ध समाजों में पशु खाद्य पदार्थों की मांग में वृद्धि की है। शोध के अनुसार फलियों की तुलना में मांस के उत्पादन में अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। पशुधन मानव जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 14 प्रतिशत का योगदान देता है । साथ ही, पशु खाद्य पदार्थ प्रोटीन, विटामिन बी12, लोहा, जस्ता और तांबे का एक अच्छा स्रोत हैं, और कुपोषण के निराकरण के लिए आवश्यक है।

भारत दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाला देश है। देश में बहुत से लोग कुपोषण से पीड़ित हैं। बढ़ती हुई भोजन की मांग कृषि भूमि क्षेत्र, उर्वरक और पानी के उपयोग में वृद्धि के साथ स्थानीय पर्यावरण पर बढ़ते दबाव के साथ मेल खाती है। भारत में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कृषि क्षेत्र का 14 प्रतिशत भाग है। हिमालय के ग्लेशियरों का पिघलना और जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून में बदलाव भारत में खाद्य और आजीविका सुरक्षा दोनों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जलवायु परिवर्तनशीलता के कारण लगातार सूखा और बाढ़, बढ़ती आबादी को पोषित करने की चुनौती को और बढ़ा देती है। हरित क्रांति ने देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया। खाद्य आपूर्ति में वृद्धि और कीमतों में कमी के साथ कृषि आदानों के उपयोग में बढ़ोतरी एवं व्यापक पर्यावरणीय परिणाम सामने आ रहें हैं। खाद्य उत्पादन में इस उल्लेखनीय वृद्धि ने मीठे पानी, मिट्टी, जैव विविधता, भूमि और जीवाश्म ईंधन जैसे प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग किया है। इस प्रकार, वैश्विक खाद्य प्रणाली पर्यावरणीय सीमाओं के भीतर काम नहीं कर रही है। भारत में कृषि और पर्यावरण के बीच बेहतर अनुकूलता की तत्काल आवश्यकता है, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का घर है।

जलवायु परिवर्तन का कोई एक समाधान नहीं है। जनसंख्या वृद्धि, खाद्य असुरक्षा और अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर कृषि क्षेत्र के पारिस्थितिक पदचिह्न को कम करने, खाद्य प्रणाली में आर्थिक, पारिस्थितिक और सामाजिक संतुलन, एकीकृत दृष्टिकोण और हितधारकों द्वारा सामूहिक एवं ठोस कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। एक समग्र ढांचे में खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय लक्ष्यों का एकीकरण, सतत और स्वस्थ खाद्य प्रणाली सुनिश्चित कर सकता है।

जलवायु प्रभावों को कम करते हुए स्वस्थ, विविध और संतुलित आहार के साथ बढ़ती आबादी का पेट भरना आने वाले दशक की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। भोजन का उत्पादन उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। कम उपयोग किए गए खाद्य संसाधनों को जनता के बीच स्वादिष्ट और लोकप्रिय बनाना एक शोध योग्य क्षेत्र है। स्थिरता की दिशा में हमारी आहार प्रणाली में थोड़ा सा संशोधन अप्रत्याशित जलवायु घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक है। शोध के अनुसार यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी न्यूनतम अनुशंसित कैलोरी का उपभोग करता है, तो आहार का पर्यावरणीय पदचिह्न काफी कम हो जाता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करते हुए खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना और प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थितिक संतुलन के संरक्षण के लिए हमारी आहार प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है। एक फ्लेक्सिटेरियन आहार प्रणाली जिसमें ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, श्री अन्न, स्वस्थ वसा, कम प्रसंस्कृत और कम पशु-आधारित खाद्य पदार्थ शामिल हैं, वह परिष्कृत खाद्य पदार्थों और मांसाहारी आहार की तुलना में लंबे समय के लिए जलवायु के अधिक अनुकूल है। श्री अन्न जो पारंपरिक भारतीय भोजन का हिस्सा है और कैल्शियम, लोहा और प्रोटीन से भरपूर है, गेहूं और चावल की तुलना में कम पर्यावरणीय पदचिह्न धारण करता है।

## निष्कर्ष

आहार संबंधी दिशानिर्देशों में स्थिरता को शामिल करना एवं सतत आहार, जो कि स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल हैं, उसके महत्व के बारे में जनता को सूचित करना समान रूप से आवश्यक है। सतत आहार प्रणाली को सुलभ, सस्ता और स्वीकार्य बनाने के लिए कृषि, पर्यावरण, शिक्षा, उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और वाणिज्य के बीच बहुक्षेत्रीय समन्वय की आवश्यकता है। इसलिए, समय की मांग है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पारंपरिक ज्ञान और सतत आहार अनुसंधान के बीच तालमेल बैठाना चाहिए। भारतीय आहार प्रणाली के पर्यावरणीय पदचिह्न, उपभोक्ता खरीद व्यवहार, आहार मॉडलिंग और अनुकूलन में अनुसंधान, नीति निर्माताओं को भारतीय भोजन शैली को अधिक सतत और स्वस्थ बनाने के लिए मार्गदर्शन कर सकते हैं। इस प्रकार, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण को एकीकृत करके सतत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

—❖—

# गाजरघास समस्या से निपटने के लिए कृषि अभियांत्रकी समाधान

**विजय कुमार, ए. पी. मगर, डी. एस. थोरात, एच. एस. पाण्डेय एवं वी. पी. चौधरी,**
**भा.कृ.अनु.प-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

## परिचय

गाजर घास, जिसे वैज्ञानिक रूप से पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस कहा जाता है, एक अत्यंत आक्रामक खरपतवार है। यह भारत में पहली बार 1950 के दशक में देखा गया था और तब से यह देश के विभिन्न हिस्सों में तेजी से फैल गया है। गाजर घास का पौधा बहुत तेजी से बढ़ता है और इसकी ऊंचाई 1.5 से 2.0 मीटर तक हो सकती है। इसके अलावा, एक ही पौधा 5000 से 25000 तक बीज उत्पन्न कर सकता है, जो इसे और भी अधिक खतरनाक बना देता है।



**चित्र 1. गाजरघास से प्रकोपित प्रक्षेत्र**

गाजर घास का प्रसार विभिन्न प्रकार की समस्याएं पैदा करता है, जो न केवल कृषि क्षेत्र के लिए बल्कि पशुधन, मानव स्वास्थ्य और जैव विविधता के लिए भी गंभीर खतरा है। यह खरपतवार खेती की भूमि पर कब्जा कर लेता है, जिससे फसल उत्पादकता में भारी कमी आती है। गाजर घास न केवल मिट्टी से पोषक तत्वों को छीनता है, बल्कि वह उन पोषक तत्वों को भी अवशोषित करता है जो फसलों के विकास के लिए आवश्यक होते हैं। इस कारण से, फसलों की पैदावार में कमी होती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। इसके अलावा, गाजर घास पशुधन के लिए भी हानिकारक है। जब पशु इस खरपतवार को खाते हैं, तो इससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। पशुओं में विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं, इसके परिणामस्वरूप, पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है और पशुधन की उत्पादकता में कमी आती है। मानव स्वास्थ्य पर भी गाजर घास का प्रभाव गंभीर होता है। यह पौधा विभिन्न प्रकार की एलर्जी का कारण बनता है, जैसे कि त्वचा में खुजली, रैश, और श्वसन संबंधी समस्याएं। गाजर घास के नियंत्रण की तत्काल आवश्यकता है क्योंकि इसके प्रसार से उत्पन्न समस्याएं बहुत गंभीर हैं।

**यांत्रिक विधियाँः** इसमें हाथों से खरपतवार को उखाड़ना, घास काटने की मशीनों का उपयोग करना, और जमीन की जुताई शामिल है। यह विधियाँ छोटे और नियंत्रित क्षेत्रों में प्रभावी होती हैं। जुताई के दौरान मिट्टी को

पलटकर खरपतवार की जड़ों को नष्ट किया जाता है, जिससे उनका पुनः विकास नहीं हो पाता। हालांकि, यह विधियाँ श्रम-साध्य होती हैं और बड़े क्षेत्रों के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसलिए ट्रेक्टर चालित मशीनों को बड़े क्षेत्रों के लिए उपयोग किया जा सकता है जिसमें ज्यादा श्रम साध्य नहीं होता है। यांत्रिक विधियों के कई लाभ होते हैं, जो इन्हें खरपतवार नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प बनाते हैंः

- **रसायन-मुक्त समाधानः** यांत्रिक विधियाँ रसायनों के उपयोग के बिना खरपतवारों को नियंत्रित करती हैं, जिससे मिट्टी, जल और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।
- **पर्यावरण के अनुकूलः** यह विधियाँ पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं क्योंकि इनमें किसी प्रकार के हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं होता।
- **बार-बार उपयोग संभवः** यांत्रिक विधियों का बार-बार उपयोग किया जा सकता है, विशेषकर जब खरपतवार तेजी से बढ़ते हैं।

## रोटरी मल्चर

यह फसल के अवशेषों/घास को छोटे टुकड़ों में काटता है और खेत में समान रूप से फैलता है। यह 2.3 सेमी व्यास जितना मोटे डंठल को छोटे छोटे टुकड़े में काटने की क्षमता रखता है। इसका उपयोग बागवानी फसलों के अवशेषों की छंटाई वाली सामग्री, घास, झाड़ियों, फसल अवशेषों के लिए किया जाता है। यह मल्चिंग के लाभ और अपघटन के बाद समग्र जैविक संरचना और मिट्टी की उर्वरता में सुधार भी करता है। यांत्रिक रोटरी मल्चर गाजर घास को छोटे टुकड़ों में काटने अत्यंत प्रभावी है। यह मशीन बड़े क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है और न केवल गाजर घास जैसे खरपतवारों को नष्ट करती है बल्कि सभी खरपतवारों को हटाती है इसके साथ ही साथ मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार करती है। इसके उपयोग से श्रम लागत में काफी कमी आती है और बड़े पैमाने पर नियंत्रण संभव हो जाता है।


**चित्र 2. रोटरी मल्चर**

## यांत्रिक छिड़काव विधियाँ

यांत्रिक छिड़काव विधियों के अंतर्गत, यांत्रिक छिड़काव मशीन जोकि एक उन्नत उपकरण है इसका उपयोग खेतों में हर्बिसाइड्स, कीटनाशक, और उर्वरकों के छिड़काव के लिए किया जाता है। यह मशीनें ट्रैक्टर-माउंटेड, बैकपैक, या व्हील-माउंटेड हो सकती हैं, जो बड़े खेतों में रसायनों का समान रूप से छिड़काव सुनिश्चित करती हैं। यांत्रिक छिड़काव मशीन के कई लाभ होते हैं, जो इन्हें खरपतवार नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प बनाते हैंः

- समय की बचतः यांत्रिक स्प्रेइंग मशीन तेजी से बड़े क्षेत्रों में छिड़काव करती है।
- सटीक छिड़कावः रसायनों का समान और सटीक वितरण सुनिश्चित करती है।

- श्रम की बचतः कम श्रम में अधिक काम हो जाता है, जिससे श्रम लागत कम होती है।
- फसल सुरक्षाः केवल लक्षित क्षेत्र में छिड़काव होता है, जिससे फसलों को नुकसान नहीं पहुँचता।
- उच्च उत्पादकताः प्रभावी छिड़काव से फसल की पैदावार बढ़ती है।

## नैपसैक स्प्रेयर

नैपसैक स्प्रेयर प्लास्टिक, पीतल या स्टेनलेस से बना एक छोटा, पोर्टेबल बैकपैक कंटेनर है, और इसका उपयोग शाकनाशी, कीटनाशकों, सफाई एजेंटों और कवकनाशी के छिड़काव के लिए किया जाता है। स्प्रेयर का उपयोग आमतौर पर छोटे पैमाने के किसानों और वाणिज्यिक किसानों द्वारा किया जाता है जहां मशीनीकृत स्प्रेयर उपलब्ध नहीं होते हैं, और जहां लागत को कम करना होता है और इसका संचालन और रखरखाव आसान है।



**चित्र 3. नैपसैक स्प्रेयर**

## ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर

ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर एक उन्नत कृषि उपकरण है जो बड़े खेतों में रसायनों, जैसे हर्बिसाइड्स और कीटनाशकों का छिड़काव करने के लिए उपयोग किया जाता है। यह स्प्रेयर ट्रैक्टर से जुड़कर तेजी से और समान रूप से छिड़काव करता है, जिससे समय और श्रम की बचत होती है।



**चित्र 4. ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर**

## ड्रोन से छिड़काव

ड्रोन से छिड़काव एक आधुनिक कृषि तकनीक है, जो फसलों पर कीटनाशक, हर्बिसाइड्स, और उर्वरकों के सटीक और समान छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग करती है। यह विधि विशेष रूप से कठिन भूभाग या जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रभावी है, जहाँ पारंपरिक छिड़काव मुश्किल होता है। ड्रोन से छिड़काव से समय की बचत



**चित्र 4. ड्रोन से छिड़काव**

होती है, श्रम लागत कम होती है, और रसायनों का प्रभावी उपयोग होता है, जिससे फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ती है।

## निष्कर्ष

गाजर घास एक अत्यंत खतरनाक खरपतवार है जिसका प्रसार कृषि, पशुधन, मानव स्वास्थ्य और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। इसका प्रभावी नियंत्रण न केवल आवश्यक है, बल्कि इसे जल्द से जल्द लागू करना भी महत्वपूर्ण है ताकि इसके नकारात्मक प्रभावों को रोका जा सके। इसके लिए सरकार, किसानों और वैज्ञानिकों को मिलकर काम करना होगा ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान ढूंढा जा सके।

—❖—

# श्री अन्न खाद्य पदार्थ : पारंपरिक एवं आधुनिक सेवन विधियां

**आर वेंकटेश्वरलु, वी एम मालती, महेश कुमार, जिनु जेकब एवं सी वी रत्नावती**
**भाकृअनुप - भारतीय कदन्न (श्री अन्न) अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद**

## परिचय

श्री अन्न को पौष्टिक अनाज के रूप में भी जाना जाता है, जिसे कुपोषण एवं जलवायु परिवर्तन के वैश्विक संकट से निपटने हेतु सक्षम स्मार्ट फसल कहा जाता है। श्री अन्न शुष्क और अर्ध-शुष्क कटिबंधों में उगाए जाने वाले छोटे दाने वाले अनाजों का समूह है। व्यापक रूप से खेती हेतु प्रयुक्त श्री अन्न को **तालिका 1** में दर्शाया गया है। ये अनाज पौष्टिक होते हैं तथा लघु जीवन चक्र, कृषि-आर्थिक निकेत की विस्तृत शृंखला हेतु अनुकूलन क्षमता, कृषि आदानों की कम आवश्यकता, पीडक तथा रोगों की कम घटनाएं आदि शामिल बेहतर कृष्य गुण प्रदर्शित करते हैं। इसके अलावा खेती हेतु पानी की कम आवश्यकता के साथ-साथ इन फसलों में कार्बन उत्सर्जन भी कम होता है।

श्री अन्न प्राचीनकाल से खेती की जाने वाली फसलें हैं; यद्यपि, अपरिष्कृत प्रकृति के कारण इनका उपयोग बड़े पैमाने पर नहीं हुआ। परंतु बाद में, श्री अन्न की विशिष्ट क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए, उन्हें हमारे खाद्यागार में शामिल करने हेतु रुझान बढ़ा है। वर्तमान में, विश्वभर के लगभग 131 देशों में श्री अन्न की खेती की जाती है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और एशिया के उत्पादन में इसका लगभग 80% योगदान है। भारत सरकार ने वर्ष 2018 को राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष के रूप में मनाया और इन अनाजों को 'पोषण अभियान' के हिस्से के रूप में शामिल किया। इसके अलावा, उनके कृषि संबंधी लाभ, पोषण तथा पौष्टिक-औषधीय मूल्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र, वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष के रूप में मना रहा है। इन अनाजों की अपार क्षमताओं के कारण, भारत सरकार ने हाल ही में इन अनाजों को 'श्री अन्न' नाम दिया है।

**तालिका 1 भारत में व्यापक रूप से खेती हेतु प्रयुक्त श्री अन्न**

| श्री अन्न | वैज्ञानिक नाम | खेती किए जाने वाले भारत के प्रमुख राज्य | अनाज |
|---|---|---|---|
| ज्वार | *सोरघम बाइकलर* | महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात |  |
| बाजरा | *पेनिसेटम ग्लोकम* | राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, उत्तराखंड, |  |
| रागी | *एल्युसिन कोरकाना* | कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल |  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कंगनी | *सेटेरिआ इटैलिका* | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, त्रिपुरा |  |
| कुटकी | *पैनिकम सुमाट्रेंस* | तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, |  |
| चेना | *पैनिकम मिलियेशिअम* | तमिलनाडु, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, |  |
| कोदो | *पस्पालम स्क्रोबिकुलेटम* | कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, |  |
| सावां | *इकिनोक्लोआ फ्रुमेंटेसिए* | तमिलनाडु, उत्तराखंड, |  |

## श्री अन्न एक पौष्टिक आहार

श्री अन्न पौष्टिक रूप से संतुलित होते हैं तथा उन्हें प्रोटीन, पथ्य रेशे एवं विटामिन-बी व खनिज सहित सूक्ष्म पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत माना जाता है **(तालिका 2)**। श्री अन्न ग्लूटेन मुक्त होते हैं, अतः सीलिएक रोग ग्रस्त लोगों के द्वारा भी सेवन के लिए सुरक्षित होते हैं। इसके अलावा, श्री अन्न प्रोटीन में संतुलित आवश्यक अमीनो एसिड संरचना पाई जाती है, यद्यपि, अन्य अनाजों की तरह लाइसिन अमीनो एसिड कम होता है। श्री अन्न में जीवन शैली से जुड़े विकारों सहित कई बीमारियों के प्रबंधन में सहायक एक प्रकार्यात्मक खाद्य घटक, पथ्य रेशे अच्छी मात्रा में होते हैं। इसके अलावा, श्री अन्न में कैल्सियम, आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, पोटैशियम जैसे खनिजों सहित सूक्ष्म पोषक तत्वों की प्रचुरता, अदृश्य भूख (पोषण तत्वों की कमी) से निपटने हेतु उन्हें एक आशाजनक खाद्य स्रोत बनाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण, रागी में कैल्सियम की मात्रा अन्य सभी अनाजों से ज्यादा (364 मिलीग्राम तक/100 ग्राम) है, तथा वयस्कों में कैल्सियम की संस्तुत मात्रा (आरडीए) का लगभग 1/3 पूरा करने हेतु पर्याप्त है। इसके अलावा, रागी, बाजरा, कंगनी एवं सावां आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व - आयरन तथा जिंक के अच्छे स्रोत हैं। श्री अन्न जैव सक्रिय पादप-रसायन, विशेषकर उत्कृष्ट चिकित्सीय गुणों वाले फिनॉलिक पादप-रसायन के भांडागार हैं। उनके फ्री-रेडिकल स्कैवेंजिंग गुण के कारण, फिनॉलिक पादप-रसायन शरीर की रेडॉक्स स्थिति को बनाए रखने में सहायता करते हैं, इस प्रकार कई रोगों के प्रकोप को रोकते हैं। श्री अन्न के नियमित सेवन से जुड़े स्वास्थ्य लाभ को **चित्र-1** में दर्शाया गया है।

अत्यधिक लाभ के बावजूद, सेवन विधियों की जानकारी न होने एवं वाणिज्यिक उत्पादों की सीमित उपलब्धता के चलते, सामान्यतः श्री अन्न की खपत कम रही। इस लेख में श्री अन्न की पारंपरिक व समकालीन सेवन विधियों पर प्रकाश डाला गया है।

**तालिका 2 श्री अन्न में प्रोटीन, पथ्य रेशे तथा महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व**

| अनाज | प्रोटीन (%) | कुल पथ्य रेशे (%) | खनिज पदार्थ | | | | बी विटामिन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कैल्सियम (मिग्रा) | मैग्नीशियम (मिग्रा) | जिंक (मिग्रा) | आयरन (मिग्रा) | थायमिन (मिग्रा) | राइबोफ्लेविन (मिग्रा) | नियासिन (मिग्रा) |
| ज्वार | 9.97 | 10.2 | 27.6 | 133 | 1.9 | 3.9 | 0.35 | 0.14 | 2.1 |
| बाजरा | 10.96 | 11.5 | 27.4 | 124 | 2.8 | 6.4 | 0.25 | 0.20 | 0.9 |
| रागी | 7.16 | 11.2 | 364.0 | 146 | 2.5 | 4.6 | 0.37 | 0.17 | 1.3 |
| कंगनी | 12.3 | 10.7 | 31.0 | 81 | 2.4 | 2.8 | 0.59 | 0.11 | 3.2 |
| कुटकी | 10.13 | 7.7 | 16.1 | 91 | 1.8 | 1.3 | 0.26 | 0.05 | 1.3 |
| चेना | 11.5 | 9.6 | 30.0 | 153 | 1.4 | 2.0 | 0.41 | 0.28 | 4.5 |
| कोदो | 8.92 | 6.4 | 15.3 | 122 | 1.6 | 2.3 | 0.29 | 0.20 | 1.5 |
| सावां | 6.2 | 12.6* | 20.0 | 82 | 3.3 | 5.0 | 0.33 | 0.10 | 4.2 |

**चित्र 1 श्री अन्न के संभावित स्वास्थ्य लाभ**



## पारंपरिक सेवन विधियां

श्री अन्न में, ज्वार, बाजरा व रागी भूसी-रहित अनाज हैं, जबकि लघु श्री अन्न जैसे कंगनी, कुटकी, चेना, सावां, तथा कोदो में भूसी होती है, अतः उन्हें खाद्य के रूप में प्रयुक्त करने हेतु भूसी हटाने की आवश्यकता होती है। परंपरागत रूप से, भूसी निकालने के लिए ओखल व मूसल का उपयोग किया जाता था। कुछ महत्वपूर्ण पारंपरिक विधियों में निम्नलिखित उत्पाद शामिल हैं:

**दलिया :** श्री अन्न का व्यापक रूप से दलिये के रूप में सेवन किया जाता है। ज्वार, बाजरा व रागी के आटे के साथ-साथ भूसी रहित (भूसी हटाए हुए) लघु श्री अन्न से आसानी के साथ दलिया तैयार किया जा सकता है। यहाँ, आटे को दोगुनी मात्रा में पानी के साथ बिना गांठ पड़े मिलाया जाता है और फिर लगभग 5 मिनट तक मध्यम आंच में पकाया जाता है। पकने के बाद ठंडा करके दूध या छाछ के साथ इसका सेवन किया जा सकता है। यह श्री अन्न से सबसे जल्दी तैयार किया जाने वाला तथा सेवन हेतु बुजुर्गों का पसंदीदा व्यंजन है।

**गाढ़ा दलिया :** श्री अन्न के आटे से तैयार गाढ़े दलिये का सेवन पारंपरिक रूप से भारत के विभिन्न भागों में किया जाता है। सबसे लोकप्रिय रागी का गाढ़ा दलिया, जिसे रागी बॉल्स या रागी मुद्दे के रूप में भी जाना जाता है, और भारत के दक्षिण भाग में विशेषतकर कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में खाया जाता है। रागी के आटे को 4 से 5 गुना उबलते पानी में डाला जाता है और तुरंत एक लंबी कलछी से मिलाया जाता है तथा मिलाते हुए 5-10 मिनट तक पकने दिया जाता है, फलस्वरूप अर्धठोस व्यंजन सेवन के लिए तैयार है। रागी आहार रेशे एवं कैल्सियम का एक समृद्ध स्रोत है तथा यह गाढ़ा दलिया बच्चों व बुजुर्गों के लिए आदर्श है। गाढ़े दलिये का सेवन दही या छाछ के साथ मिलाकर भी किया जाता है। हिमालयी क्षेत्र में कंगनी के गाढ़े दलिये का सेवन किया जाता है।

**किण्वित दलिया :** किण्वित दलिया, जिसे अंबली के नाम से भी जाना जाता है, तथा सामान्यतः श्री अन्न के रवे से तैयार किया जाता है। इसे बनाने के लिए श्री अन्न के भुने हुए दानों को 6 घंटे तक छह गुना पानी में भिगो कर रखा जाता है। भीगे हुए दानों को अतिरिक्त पानी (श्री अन्न को पकने में सुविधा हेतु आवश्यकता के अनुसार डाला जा सकता है) में पकाया जाता है। श्री अन्न को पकने के बाद, मलमल के कपड़े से ढक कर सामान्य तापमान पर ठंडा व किण्वित होने के लिए रख दिया जाता है। प्राथमिक रूप से, किण्वन मिट्टी के बर्तनों में किया जा सकता है। किण्वन (लगभग 6 से 12 घंटे) के बाद दलिया सेवन हेतु तैयार हो जाता है। इसका सेवन प्रायः नमकीन छाछ के साथ किया जाता है। इस पेय में उत्कृष्ट प्रजैविकीय (प्रोबायोटिक) गुण होते हैं और यह आंत के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

**राबड़ी या बाजरे की खट्टी :** यह एक खट्टा दलिया है जो विशेष रूप से बाजरे से बनाया जाता है। यह भारत के उत्तरी भाग में विशेष रूप से राजस्थान व पड़ोसी राज्यों में एक प्रसिद्ध पेय है।

**किण्वित खाद्य पदार्थ :** इडली तथा डोसा, भारत में सेवन किए जाने वाले दो सामान्य किण्वित खाद्य पदार्थ व स्वास्थ्यप्रद नाश्ते हैं। इसे अनाज/श्री अन्न के चावल या रवा के साथ छिलके युक्त काली उड़द को गीला पीसकर तैयार किया जाता है। सभी श्री अन्न, इडली तथा डोसा जैसे किण्वित उत्पाद तैयार करने के लिए उपयुक्त हैं।

**पके हुए चावल :** ज्वार, बाजरा व भूसी रहित (डिहल्ड) लघु श्री अन्न के सेवन का सबसे लोकप्रिय पारंपरिक तरीका पके हुए चावल के रूप में है। श्री अन्न को प्रायः 2 से 3 गुना पानी में एक चुटकी नमक के साथ खुले बर्तन में सामान्य दाब पर पकाया जाता है। पकाने के बाद चिपचिपे व्यंजन का सेवन करी/सब्जियों के साथ किया जाता है। दही या छाछ में मिलाकर भी इसका सेवन किया जा सकता है। पके हुए श्री अन्न चावल पारंपरिक उपभोक्ताओं के पसंदिदा कुछ स्वादों को सुरक्षित रखते हैं। इसके अलावा, पके हुए चावल न्यूनतम संसाधित रूप में होते हैं अतः पर्याप्त पथ्य रेशे एवं अनाज की मूल कार्बोहाइड्रेट-प्रोटीन मैट्रिक्स संरचना को बनाए रखते हैं। इसलिए, ग्लूकोज छोड़ना व अवशोषण धीमा होता है और इसका संतृप्त मूल्य उच्च होता है। रागी के अलावा सभी श्री अन्न चावल के रूप में पकाने व सेवन के लिए उपयुक्त हैं।

**अंकुरित बाजरा :** बाजरे के साबुत अनाज को भिगोकर गीले सूती कपड़े में ढककर अंकुरित होने के लिए रख दिया जाता है। अंकुरण प्रति-पोषक तत्वों को कम करने के लिए प्रयुक्त महत्वपूर्ण प्रसंस्करण तकनीकों में से एक है। मीठे स्वाद एवं सुगंध जैसे उत्कृष्ट इंद्रियग्राही गुणों के कारण सेवन हेतु अन्य श्री अन्न की अपेक्षा अंकुरित बाजरे को पसंद किया जाता है। अंकुरित बाजरे का सेवन अल्पाहार (स्नैक फूड) के रूप में भी किया जाता है तथा यह विटामिन और खनिजों का एक समृद्ध स्रोत है।

## आधुनिक खाद्य पदार्थ

उपर्युक्त पारंपरिक सेवन पद्धतियों के अलावा, आधुनिक प्रसंस्करण मशीनरी के द्वारा हाल के दिनों में श्री अन्न आधारित सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की विस्तृत शृंखला उपलब्ध कराई गई। स्वस्थ आहार विकल्पों के प्रति उपभोक्ताओं की बढ़ती प्राथमिकता के कारण, श्री अन्न उत्पादों को बाजार में लाने के लिए बेहतर श्री अन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का विकास किया गया, जो गैर-पारंपरिक श्री अन्न उपभोक्ताओं में भी, पोषक तत्वों से भरपूर इन खाद्य पदार्थों के सेवन की स्वीकार्यता बढ़ाता है। इनमें बेक्ड उत्पाद, एक्सट्रूडेड उत्पाद एवं पॉप्ड उत्पाद शामिल हैं जिनमें पकाने को तैयार और नाश्ते के लिए तैयार और अन्य खाद्य उत्पाद शामिल हैं।

**बेक्ड उत्पाद :** श्री अन्न आधारित कुकीज़ व्यापक रूप से उपलब्ध बेक्ड उत्पाद है। पिछले दशकों में संवर्धित संवेदी गुणों के लिए बहु-श्री अन्न आधारित मिश्रित आटे से कुकीज़, मसाले और सूखे मेवे मिश्रित बहु-श्री अन्न आधारित कुकीज़ उत्पादन के लिए, प्रौद्योगिकियों में बहुत सुधार हुआ है। इसके अलावा, ब्रेड, केक, मफिन आदि सहित सभी प्रकार के आटे से परंपरागत रूप से तैयार अन्य बेक्ड उत्पाद अब केवल श्री अन्न एवं श्री अन्न आधारित मिश्रित आटे से भी तैयार किए जा रहे हैं।

**श्री अन्न आधारित एक्सट्रूडेड उत्पाद :** अब साबुत श्री अन्न के साथ-साथ मिश्रित अनाज से तैयार किए गए नूडल्स, पास्ता आदि सहित कोल्ड एक्सट्रूडेड उत्पाद उपलब्ध हैं। एक्सट्रूज़न द्वितीयक प्रसंस्करण तकनीक है जो अनाज में पोषक तत्वों को संरक्षित रखती है।

**पकाने को तैयार तथा खाने को तैयार उत्पाद :** मोटे रवे के रूप में पिसे हुए श्री अन्न जैसे खिचड़ी मिश्रण, उपमा मिश्रण आदि अधिक सुविधाजनक पकाने को तैयार खाद्य पदार्थ के रूप में उपलब्ध हैं। पकाने को तैयार अन्य उत्पादों में श्री अन्न डोसा व इडली घोल शामिल हैं। श्री अन्न आधारित सूप मिश्रण अन्य लोकप्रिय

उत्पाद है। ये सभी उत्पाद अब बाजार में उपलब्ध हैं जो शहरी उपभोक्ताओं को अपने आहार में श्री अन्न को आसानी से शामिल करने हेतु आकर्षित करते हैं। श्री अन्न से बनी रोटियां, नमकीन व मीठे व्यंजन खाने को तैयार उत्पाद बाजार में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, श्री अन्न पॉप-आधारित ऊर्जा युक्त चॉकलेट्स (बार) एवं, मूसली आदि जैसे नाश्ते बाजार में उपलब्ध हैं और इस तरह ये उत्पाद ज्यादा से ज्यादा शहरी उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रहे हैं।

## निष्कर्ष

श्री अन्न जलवायु अनुकूल तथा अत्यधिक पौष्टिक फसलें हैं। इनके नियमित सेवन से लोगों की उद्देश्य भूख (पोषक तत्वों की कमी) को मिटाने के साथ-साथ जीवनशैली संबंधी कई विकारों को रोकने में सहायता मिलती है। ज्वार, बाजरा तथा भूसी रहित लघु श्री अन्न को चावल की तरह पकाया जा सकता है, जबकि गाढ़ा दलिया बनाने के लिए रागी को प्राथमिकता दी जाती है। अधिकांश श्री अन्न से तैयार आटा पारंपरिक रूप से रोटी या पैनकेक बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। श्री अन्न का उपयोग काली उडद के साथ मिलाकर किण्वित खाद्य पदार्थ जैसे इडली व डोसा बनाने के लिए भी किया जाता है। अंकुरित श्री अन्न लोकप्रिय पारंपरिक नाश्ते हैं। आधुनिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के विकास के कारण श्री अन्न-आधारित पकाने को तैयार एवं खाने को तैयार सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता ने इन अनाजों तक गैर-पारंपरिक श्री अन्न उपभोक्ताओं की पहुंच को भी सुकर बनाया है। हम श्री अन्न के पोषण एवं कृषि संबंधी श्रेष्ठता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 मना रहे हैं, अतः यह आवश्यक है कि विश्वभर में स्थायी पोषण सुनिश्चित करने हेतु श्री अन्न की खेती तथा खपत को बढ़ाया जाए।

—❖—

# भिंडी की फसल में मल्चिंग का उपयोग

**अभिषेक वाघाये, मुकेश कुमार, रविंद्र रंधे एवं रमन कुमार मौर्य**
**भा.कृ.अ.प. - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

## परिचय

भिंडी, जिसे लेडी फिंगर या ओकरा के नाम से भी जाना जाता है, भारत में एक अत्यधिक लोकप्रिय सब्जी है। भारत वैश्विक स्तर पर भिंडी का सबसे बड़ा उत्पादक देश है जो कुल वैश्विक उत्पादन का 72% उत्पादन करता है। भिंडी मुख्यतः गुजरात, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा और कुछ अन्य राज्यों में उगाई जाती है। मध्य प्रदेश में भिंडी का उत्पादन 0.6 मिलियन टन से अधिक है और यह राज्य के लगभग सभी जिलों में उगाई जाती है। भिंडी में विटामिन सी, विटामिन ए, फाइबर, और खनिज लवण जैसे कैल्शियम, फास्फोरस, और कार्बोहाइड्रेट जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ विभिन्न व्यंजनों में उपयोग की जाने वाली एक पसंदीदा सब्जी है।



**चित्र 1: भिंडी की फसल में मल्चिंग**

भिंडी की खेती में मल्चिंग एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। किसी फसल में खाली जगह की मिट्टी की सतह को पत्ती, घास, पुआल, भूसा या प्लास्टिक से ढकने की प्रक्रिया ही मल्चिंग कहलाती है (चित्र 1)। मल्चिंग द्वारा एक पौधे के सूक्ष्म जलवायु को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। जिससे फसल पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को संयमित किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के मल्च, चाहे वो जैविक हो या अजैविक, प्रत्येक भिंडी की फसल में अतिरिक्त लाभ प्रदान करते हैं जो फसल की उपज और गुणवत्ता को बढ़ाते हैं।

**भिंडी की फसल में मल्चिंग के अनेक लाभ है:**

- भिंडी की फसल में खेत की सतह पर मल्च बिछा देने से सतह में नमी लंबे समय तक बनी रहती है जो सिंचाई की लागत को कम करती है।
- मल्च सतह पर हवा एवं बारिश से होने वाले क्षरण को कम करते है जिससे मिट्टी में पोषण तत्वों की हानि कम हो जाती है।
- यह मिट्टी की सतह में तापमान को नियंत्रित करती है जो भिंडी की फसल में जड़ों के विकास में सहायक होती है।
- मल्च द्वारा सतह से होने वाले वाष्पीकरण की मात्र को कम किया जा सकता है।
- मल्च फसल में खरपतवार की वृद्धि होने से रोकता है, फसल में कम खरपतवार होने से कीटो की समस्या भी कम हो जाती है ।

कोई भी जैविक पदार्थ जो मिट्टी में अपघटित हो जाए और जिन्हें मिट्टी की सतह पर बिछाया जा सके जैविक मल्च होते है। जैविक मल्च जैसे पुआल, सूखे पत्ते, खाद, भूसा, पीट आदि मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए उनके लाभकारी गुणों के कारण व्यापक रूप से उपयोग किये जाते है। जैविक मल्च मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढ़ाते हैं और सूक्ष्मजीव गतिविधि में सुधार करते हैं, जिससे मिट्टी की संरचना बेहतर होती है और जल स्थिरीकरण की क्षमता में वृद्धि होती है। जैविक मल्च समय के साथ विघटित हो जाते हैं, जिससे भिंडी की खेती में बेहतर फसल उपज के लिए मिट्टी में पोषक तत्वो की मात्रा में वृद्धि होती हैं। जैविक मल्च मिट्टी की सतह पर नमी को अवशोषित करने और बनाए रखने में अधिक दक्ष होते हैं, इससे भिंडी की फसल को अतिरिक्त लाभ होता है क्योंकि भिंडी के पौधे में फूल और भिंडी आने के दौरान पौधे को निरंतर नमी की आवश्यकता होती है। गर्म परिस्थितियों में, 6 टन/हेक्टेयर की दर से फसलों पर उपयोग किया गया घास और पुआल मल्च मानसून के दौरान सतह और उपसतह के तापमान को 1-7 डिग्री सेल्सियस से गर्मियों के मौसम में 4-10 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकता है। इसके अलावा, इससे नमी धारण करने में 33-100% की वृद्धि दर्ज की, जो भिंडी के लिए फायदेमंद हैं। इसके अतिरिक्त, जैविक मल्च मिट्टी की खुली सतहों की तुलना में मिट्टी में केंचुओं के घनत्व को 155% तक बढ़ाते हैं। जो फसल में पोषक पदार्थों की मात्रा में वृद्धि, बेहतर जल निकासी, एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में सहायक होते है।

अकार्बनिक मल्च जैसे प्लास्टिक फिल्म्स आदि भी भिंडी की खेती में लोकप्रिय हैं। प्लास्टिक मल्च खेत में उच्च नमी के स्तर को बनाए रखते हुए मिट्टी के वाष्पीकरण को काफी कम कर देते हैं। काली प्लास्टिक मल्च प्रभावी रूप से सूरज की रोशनी को अवरुद्ध करके खरपतवारो के विकास को कम कर देता है, जिससे भिंडी के पौधे और खरपतवार के बीच पानी और पोषक तत्वों के लिए प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है। 25 माइक्रोन की प्लास्टिक शीट की मोटाई की मल्च भिंडी की फसल में 48-55% की दर से बढ़ी हुई उपज दे सकती है। प्लास्टिक मल्च मिट्टी के पीएच और विनिमय योग्य मैग्नीशियम और कैल्शियम को अधिक प्रभावी ढंग से बना कर रखते हैं। ऐसी मिट्टी जो नमी को अच्छी तरह से बनाए रख सकती है लेकिन जिसमे जलभराव होता हो जैसे काली मिट्टी

में तो उनमे प्लास्टिक मल्च अधिक लाभकारी होता है। क्योंकि यह मिट्टी की सतह में नमी की मात्रा को खोए बिना जलभराव की समस्या से निपटने में मदद करता है। मल्च बिछाना एक ऐसा कार्य है जिसे बहुत ध्यान से करने की आवश्यकता होती है। जैव-विघटित प्लास्टिक का उपयोग भविष्य में मल्चिंग के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प हो सकता है। जैव-विघटित प्लास्टिक प्राकृतिक तत्वों के संपर्क में आने पर समय के साथ विघटित हो जाता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। हालांकि, इसके उपयोग को व्यापक रूप से लाने से पहले, इसकी लागत, उपलब्धता, और इसकी प्रभावशीलता पर शोध करना आवश्यक है।

**मल्च बिछाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातो का उल्लेख निम्नवत है:**

अपने खेत की मिट्टी के गुणों के अनुसार मल्च सामग्री का चयन करें। जिन मिट्टी की सतहों पर ह्यूमस और सूक्ष्मजीव गतिविधि की कमी होती है, उनके लिए जैविक मल्च उपयुक्त होता हैं, लेकिन ऐसी मिट्टी जिसमे जलभराव की समस्या या जिसमें से जल निकासी ख़राब हो, उनके लिए प्लास्टिक मल्च बहुत फायदेमंद साबित होते हैं। मल्च का चयन करने के उपरांत खेत तैयार करने के लिए, जुताई एवं खेत को समतल करे, मिट्टी की सतह को ऊपर उठाएं, फिर इसे अपने क्षेत्र के मिट्टी के प्रकार के अनुसार कॉम्पैक्ट करें। केंद्र से किनारे की ओर ढलान दें ताकि बारिश का पानी मल्च के ऊपर से निकल सके। मिट्टी का तल तैयार करने के बाद, मिट्टी की सतह पर मल्च लगाने से पहले यदि ड्रिप सिंचाई करनी हो तो ड्रिप लाइन बिछा दें,क्योंकि मल्च के साथ फसलों के लिए ड्रिप सिंचाई अत्यधिक कारगर होती है। खेत की आवश्यकता के अनुसार मल्च को पर्याप्त क्षेत्र में बिछाएं, प्लास्टिक मल्च को धूप और गर्म तापमान में नहीं बिछाया जाना चाहिए क्योंकि यह प्लास्टिक की विस्तारित स्थिति का कारण बनता है, सामान्य मौसम में मल्च बिछाएं। गर्मियों के मौसम की भिंडी की फसल में मल्च बिछाना गर्म और शुष्क मौसम की शुरुआत से पहले किया जाना चाहिए ताकि मिट्टी की नमी को अधिकतम रखा जा सके। जब मल्चिंग का उपयोग किया जाता है, तो सिंचाई की विधि में थोड़ा बदलाव होता है, क्योंकि मल्चिंग के नीचे मिट्टी को सीधे सिंचाई करना होता है। अगर प्लास्टिक मल्चिंग का उपयोग हो रहा है, तो ड्रिप पाइप को मल्चिंग बिछाने से पहले लगाया जाता है।

**निष्कर्ष**

अतः भिंडी की बेहतर पैदावार के लिए, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां पानी की कमी होती है, मल्चिंग का उपयोग अत्यधिक लाभदायक साबित हो सकता है। इससे किसानों को न केवल बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा बल्कि उन्हें लागत प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रणाली अपनाने का भी अवसर मिलेगा और सिंचाई जल की बचत भी होगी।

—❖—

# बागों के लिए ट्रैक्टर के सामने लगे हाइड्रॉलिक रूप से संचालित प्रूनर

**अजय कुमार राउल, सत्य प्रकाश कुमार, बालाजी मुरहरी नान्देडे, राहुल राजाराम पोतदार, बिक्रम ज्योति एवं भी. एस. वाला**
**भा. कृ.अनु.प. – केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

## परिचय

फलों के आकार और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए छंटाई एक आवश्यक प्रबंधन अभ्यास है। बागवानी उद्देश्यों के लिए पौधे के एक हिस्से को काटना छंटाई कहलाता है। फलों के उत्पादन में इन लक्ष्यों में पौधे की वृद्धि को प्रभावित करके छत्र का आकार बदलना, फल देने वाली सतह को नवीनीकृत करना और छत्र के भीतर प्रकाश और स्प्रे वितरण में सुधार करना शामिल है। प्रकाश वितरण रखरखाव के लिए छंटाई एक सतत और संचयी प्रक्रिया है जिसे वर्ष में एक बार पूरा किया जाना चाहिए। सुधारात्मक छंटाई से बचने के लिए, जिसके परिणामस्वरूप छत्र की मात्रा में भारी बदलाव हो सकता है, वार्षिक छंटाई की आवश्यकता होती है। सबसे आम प्रकार के कटाई को "स्टबिंग बैक" कहा जाता है, जिसमें ऊपरी छत्र में क्षैतिज शाखाओं को एक कमजोर पास शाखा में छोटा कर दिया जाता है। यह कटाई शंकु आकार को बनाए रखने और सूर्य के प्रकाश को निचले छत्र भाग तक पहुँचने देने के लिए उपयोगी है।

वर्तमान समय में, फलों के पेड़ों की छंटाई के सबसे आम तरीके कृत्रिम छंटाई और यांत्रिक छंटाई हैं। कृत्रिम छंटाई के दौरान फलों के पेड़ों की छंटाई करने के लिए फल किसान सरल सहायक छंटाई उपकरणों का उपयोग करते हैं। मैनुअल, इलेक्ट्रिक, वायवीय और हाइड्रोलिक कैंची आमतौर पर सहायक उपकरणों का उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, हस्त चलित कैंची में उच्च श्रम, कम कार्य कुशलता और बीमारी जैसे उच्च जोखिम के संयोग होते हैं; इलेक्ट्रिक, वायवीय और हाइड्रोलिक कैंची को एक शक्ति स्रोत से चलाएं जाते हैं, और उनका वजन मनुष्यों द्वारा दीर्घकालिक संचालन के लिए अनुपयुक्त है। यांत्रिक छंटाई मुख्य रूप से मानकीकृत रोपण पैटर्न वाले बागों में बड़े पैमाने पर पेड़ों को आकार देने और छंटाई करने के लिए उपयोग किए जाते है। फिलहाल, अधिकांश फलों के पेड़ की छंटाई करने वाली मशीनें एक छंटाई उपकरण, एक फ्रेम, एक बिजली प्रणाली और अन्य प्रमुख घटकों से बनी होती हैं। छंटाई मशीन के डिजाइन में उपकरण के प्रमुख घटकों का डिजाइन शामिल होता है, जैसे कि उपकरण की संरचना और कार्य पैरामीटर। खेतों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले छंटाई उपकरणों में पारस्परिक गतिमान कटर और डिस्क कटर शामिल हैं। बागवानी पौधों या बगीचों के लिए मशीनीकृत छंटाई उपकरणों पर कई अध्ययन हाल ही में विदेशों में किए गए हैं। अमेरिका में मूर एट अल ने हाथ से काटे गए पेड़ों की छंटाई की लागत को कम करने के लिए 1955 में एक आरी डिस्क छंटाई मशीन का आविष्कार किया। इसका एकतरफा छंटाई उपकरण, जिसमें 12 डिस्क कटर लगे है और 0.4 हेक्टेयर/घंटा की छंटाई क्षमता से पेड़ों की एक तरफा छंटाई करने में सक्षम है।

भारत के बाजार में विभिन्न प्रकार के मैनुअल और मोटराइज्ड प्रूनर उपलब्ध हैं। लंबे हैंडल वाली प्रूनिंग कैंची (लोपर) लगभग सभी प्रूनिंग कार्यों के लिए सबसे बहुमुखी उपकरण हैं। यदि कई बड़े कटाई होने हैं, तो प्रूनिंग

आरी का उपयोग किया जाता है। प्रत्येक मामले में मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। हालांकि ये उपकरण या मशीनें सस्ती हैं, लेकिन प्रूनिंग की विधि समय लेने वाली और उत्पादकों के लिए महंगी है। व्यावसायिक बागों ने प्रूनिंग को आसान, तेज़ और अधिक कुशल बनाने के लिए कई तरह के बिजली से चलने वाले छोटे उपकरणों को अपनाया है, लेकिन वे जनशक्ति की आवश्यकता को कम करने में सक्षम नहीं हैं। लागत और भविष्य में श्रम की उपलब्धता के बारे में चिंताओं ने यांत्रिक प्रूनिंग में शोध को बढ़ावा दिया है। लंबे, संकीर्ण पेड़ के आकार और पेड़ की छतरियां यांत्रिक प्रूनिंग के लिए बेहतर अनुकूल हैं, और दुनिया भर में अनुसंधान कार्यक्रम इस प्रक्रिया को तेज़ बनाने के लिए तकनीकों और मशीनों पर विचार कर रहे हैं।

## प्रूनिंग मशीन की संरचना और कार्य सिद्धांत



**चित्र 1: हाइड्रोलिक प्रूनर का CAD दृश्य**

प्रूनर को ट्रैक्टर के सामने स्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया हैं। प्रूनर को जोड़ने के लिए एक उपयुक्त फिक्स्चर तैयार किया गया हैं और इसे ट्रैक्टर बॉडी के दोनों किनारों और सामने के बंपर पर लगाया गया हैं। प्रूनर का कटर बार एक तीन-फोल्ड सिस्टम पर कार्य करता है। प्रूनिंग सिस्टम में गोलाकार आरी ब्लेड और हाइड्रोलिक घटक जैसे पंप, मोटर, प्रेशर रिलीफ वाल्व, दिशा नियंत्रण वाल्व, डुअल ओवर-सेंटर वाल्व, पावर पैक और होज़ पाइप शामिल हैं। हाइड्रोलिक सिस्टम में उत्पन्न गर्मी को नष्ट करने के लिए एक डीसी संचालित एयर कूल्ड हाइड्रोलिक ऑयल कूलर का उपयोग किया गया हैं। प्रूनिंग सिस्टम में 500 मिमी (3 यूनिट) और 400 मिमी (5 यूनिट) के व्यास वाले कुल आठ गोलाकार आरी ब्लेड शामिल हैं। आरी ब्लेड में 100 दाँत हैं। प्रूनर के मुख्य फ्रेम को फोर बार लिंकेज से गति देने के लिए डिज़ाइन किया गया हैं, जैसे: ऊर्ध्वाधर, विकर्ण, मुख्य कटिंग बार का झुकाव और शीर्ष कटिंग बार का 0 से 90 डिग्री तक घुमाव। सभी हरकतें हाइड्रोलिक सिलेंडर के माध्यम से की जाती हैं। इस उद्देश्य के लिए डबल-ओवर-सेंटर वाल्व से सुसज्जित पांच डबल-एक्टिंग सिलेंडर का उपयोग किया गया हैं। कटिंग बार में, ब्लेड हाइड्रोलिक मोटर्स द्वारा संचालित होते हैं। सभी आठ कटिंग ब्लेड को घुमाने के लिए तीन मोटर्स और बेल्ट पुली का उपयोग किया गया हैं। प्रूनर का पूरा कैड चित्र 1 में दिखाया गया है।

हाइड्रोलिक सिस्टम को संचालित करने के लिए 80 लीटर क्षमता वाली एक स्वतंत्र हाइड्रोलिक इकाई डिजाइन की गई हैं। मोटरों और हाइड्रोलिक सिलेंडरों को संचालित करने के लिए एक मोबाइल ओपन-लूप हाइड्रोलिक सर्किट विकसित किया गया हैं। श्रृंखला, समानांतर और अग्रानुक्रम सिद्धांतों का एक संयोजन अपनाया गया हैं। प्रूनर का विकसित प्रोटोटाइप चित्र 2 में दिखाया गया है, और इसके मुख्य तकनीकी पैरामीटर तालिका 1 में दिए गए हैं।



**चित्र 2: छोटा ट्रैक्टर माउंटेड हाइड्रोलिक प्रूनर**

## तालिका 1: प्रूनिंग मशीन के मुख्य तकनीकी पैरामीटर

| क्रमांक | पैरामीटर | मान |
|---|---|---|
| 1. | संबंधित शक्ति, kW | ≥16 |
| 2. | कटर की घूर्णन गति, आर.पि.एम./मिनट | 1700-2500 |
| 3. | छंटाई ऊंचाई की समायोजन सीमा, मिमी | 2000-3500 |
| 4. | छंटाई चौड़ाई की समायोजन सीमा, मिमी | 500-1000 |
| 5. | छंटाई उपकरण का आकार (लंबाई × चौड़ाई × ऊंचाई), मिमी (बंद स्थिति में) | 1800 × 800 × 3500 |
| 6. | समग्र मशीन का वजन, किलोग्राम | 180 |

## प्रक्षेत्र मूल्यांकन के परिणाम

प्रूनर का मूल्यांकन भा.कृ. अनु.प. – के. कृ. अ. स., भोपाल के आम और अमरूद के बागों में किया गया (चित्र 3)।




**चित्र 3: छोटे ट्रैक्टर पर लगे हाइड्रोलिक प्रूनर का क्षेत्र मूल्यांकन**

आम और अमरूद के पौधों के बीच पौधे से पौधे की दूरी क्रमशः 4.5 और 3.3 मीटर है, जबकि आम और अमरूद के पौधों की ऊंचाई क्रमशः लगभग 6 और 4 मीटर है। मशीन के वास्तविक संचालन में उपयोग किए गए मापदंडों का संयोजन इस प्रकार था: कटर की घूर्णन गति 1800 आरपिऍम/मिनट थी, कटिंग डिस्क का व्यास 400 और 500 मिमी था, और आगे ट्रेक्टर की गति 1.2 किमी/घंटा थी। इस अनुकूलन योजना के तहत पाँच दोहराए गए परीक्षणों के परिणाम आयोजित किए गए, और पाँच परीक्षणों के औसत परिणामों को परीक्षण के परिणामों के रूप में लिया गया। परिणामों से पता चला कि औसत छूटी हुई छंटाई दर 4.8% थी, और औसत शाखा टूटने की दर 3.7% थी। छूटी हुई छंटाई दर और शाखा टूटने की दर का परिवर्तन गुणांक क्रमशः 9.2 और 11.8 था।

## आर्थिक मूल्यांकन

विकसित प्रूनर ने हाथ से प्रूनिंग के लिए आवश्यक समय को काफी कम कर दिया। हाथ से प्रूनिंग में प्रति पौधा लगभग 10 मिनट लगे, जबकि विकसित प्रूनर में प्रति पौधा 1-1.5 मिनट लगे। मशीन की प्रूनिंग क्षमता प्रति घंटे 40-50 पौधें हैं। प्रूनर की क्षेत्र क्षमता 0.15 हेक्टेयर/घंटा पाई गई। प्रूनर का औसत टर्निंग टाइम लॉस 8 सेकंड है, और ट्रैक्टर की ईंधन खपत 4.2 लीटर/घंटा है। विकसित मशीन की लागत 4,50,000/- रुपये है और उपकरण की परिचालन लागत 4910 रुपये/हेक्टेयर पाई गई। हाइड्रोलिक प्रूनर के लिए पेबैक अवधि 400 घंटे है, प्रति वर्ष 44 घंटे का ब्रेक-ईवन पॉइंट और 1.34 का लाभ लागत अनुपात है।

## निष्कर्ष

विकसित मशीन एक ऑपरेशन में पेड़ों के एक तरफ और शीर्ष पर शाखाओं के आकार और छंटाई को जल्दी से पूरा कर सकती है। ऑपरेशन के दौरान, मशीन ने अधिकांश शाखाओं की छंटाई कर देती हैं। कुछ ही शाखएं छंटाई से छूट जाते हैं। यह बड़े पैमाने पर बौने और घनी तरह से लगाए गए पेड़ों को तेजी से आकार देने और छंटाई करने में सक्षम है और मैन्युअल पेड़ छंटाई की उच्च श्रम और कम दक्षता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करता है।

—❖—

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फसलों के रोग पहचान एवं वर्गीकरण

**अभिषेक उपाध्याय, नरेन्द्र सिंह चंदेल, सुबीर कुमार चक्रवर्ती, मनीष कुमार, दिलीप जाट, बिक्रम ज्योति एवं दीपक कुमार**

**भा. कृ. अनु. प.- केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

## परिचय

कृषि, प्राचीन मानव सभ्यता का एक मौलिक घटक है जो कि विश्वभर में बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर विकसित होती रही है। प्रारंभिक समय के श्रम-प्रधान खेती से लेकर औद्योगिक क्रांति के यांत्रिकीकरण तक, कृषि प्रौद्योगिकी में हर उन्नति ने खाद्य उत्पादन और सामाजिक विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। आज, जब हम एक और तकनीकी क्रांति के कगार पर खड़े हैं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और गहन शिक्षण (डीएल) का संयोजन कृषि प्रक्रियाओं को पुनः परिवर्तित करने का वादा करता है। अतीत में, किसान पौधों के रोगों की पहचान और उपचार के लिए अपनी जानकारी और विशेषज्ञता पर अत्यधिक निर्भर थे। यह मानवीय दृष्टिकोण, कुछ हद तक प्रभावी होते हुए भी, कई महत्वपूर्ण सीमाओं से ग्रसित था। मानव त्रुटियाँ, रोग लक्षणों की भिन्नता, और मानवीय निरीक्षण की समय लेने वाली प्रकृति के कारण अक्सर निदान में देरी या गलतियाँ होती थीं। परिणामस्वरूप, फसल की पैदावार घटती थी और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। कृषि में प्रौद्योगिकी का प्रवेश इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सटीक, कुशल और विस्तृत समाधान प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। मशीन लर्निंग के कई अनुप्रयोगों में, डीएल तकनीकी उपकरणों के इस संग्रह में एक अत्यधिक प्रभावी साधन के रूप में उभरा है। विशाल मात्रा में डेटा और परिष्कृत एल्गोरिदम का उपयोग करके, डीएल मॉडल जटिल प्रतिरूप को पहचानने और अद्वितीय सटीकता के साथ निर्णय लेने में सक्षम हैं। मूलतः, डीएल कृत्रिम तंत्रिका तंत्रों (आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क) के उपयोग पर आधारित है, विशेषकर वे जो कई परतों से मिलकर बने होते हैं और जिन्हें गहन तंत्रिका तंत्र (डीप न्यूरल नेटवर्क) कहा जाता है। ये नेटवर्क नोड्स (न्यूरॉन्स) से बने होते हैं, जो एक-दूसरे से जुड़े होते हैं और निविष्ट डेटा को संसाधित करके पैटर्न की पहचान करते हैं और भविष्यवाणी करते हैं।

| पॉलीफेनोल्स | ग्रीन चाय, रेड वाइन, जामुन, अंगूर | सूजन कम करना, हृदय स्वास्थ्य में सुधार, कैंसर से बचाव |
| ओमेगा-3 फैटी एसिड | मछली (सालमन, मैकेरल), अलसी के बीज, चिया बीज | हृदय रोगों से बचाव, रक्तचाप नियंत्रण, सूजन कम करना |
| प्रोबायोटिक्स | दही, किण्वित दूध, किण्वित सब्जियां | आंत स्वास्थ्य, पाचन में सुधार, प्रतिरक्षा को बढ़ाना |
| प्रीबायोटिक्स | लहसुन, प्याज, केला, हल्दी | आंत के अच्छे बैक्टीरिया का पोषण, पाचन में सहायता |

### बायोएक्टिव घटकों के प्रभावी कार्य

1. **एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव –** ये शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव (Oxidative Stress) को कम करके कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं।
2. **प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना –** प्रोबायोटिक्स और विटामिन C संक्रमण से लड़ने में सहायक होते हैं।
3. **हृदय स्वास्थ्य में सुधार –** ओमेगा-3 फैटी एसिड रक्तचाप को नियंत्रित करके कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सुधारते हैं।
4. **मधुमेह नियंत्रण –** फाइबर और पॉलीफेनोल्स रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।
5. **कैंसर से बचाव –** फाइटोकेमिकल्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में सहायक होते हैं।

### फंक्शनल फूड्स में बायोएक्टिव घटकों के स्रोत और न्यूट्रास्यूटिकल्स उत्पादन

फंक्शनल फूड्स वे खाद्य पदार्थ होते हैं जो पोषण प्रदान करने के साथ-साथ शरीर के लिए स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करते हैं। इन खाद्य पदार्थों में बायोएक्टिव घटक होते हैं, जो शरीर की जैविक क्रियाओं को प्रभावित करके विभिन्न बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं और स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। बायोएक्टिव घटक प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त होते हैं, जैसे कि पौधे, फल, सब्जियां, अनाज, समुद्री जीव, और यहां तक कि दूध और

मांस। बायोएक्टिव घटकों का उपयोग न्यूट्रास्यूटिकल्स (तालिका 2, 3) के उत्पादन में भी किया जाता है, जो स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पाद होते हैं।

**तालिका 2: न्यूट्रास्यूटिकल्स उत्पादन के प्रमुख घटक और उनके स्वास्थ्य लाभ**

| न्यूट्रास्यूटिकल्स घटक | स्रोत | स्वास्थ्य लाभ |
|---|---|---|
| ओमेगा-3 फैटी एसिड | मछली, अलसी, चिया बीज | हृदय स्वास्थ्य, रक्तचाप नियंत्रण, सूजन कम करना |
| विटामिन C | संतरा, नींबू, शिमला मिर्च | प्रतिरक्षा को बढ़ावा देना, एंटीऑक्सीडेंट कार्य |
| ग्लूकोसामाइन | समुद्री जीव (झींगा, केकड़ा) | जोड़ों के दर्द में राहत, हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार |
| क्यू10 | मछली, मांस, सोया उत्पाद | ऊर्जा उत्पादन में सहायता, एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव |
| कैल्शियम | दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां | हड्डियों की मजबूती, हड्डियों की सेहत में सुधार |
| एंटीऑक्सीडेंट्स | बेरी, अंगूर, ग्रीन टी, अखरोट | कोशिकाओं को नुकसान से बचाना, उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमा करना |

**तालिका 3: फंक्शनल फूड्स और न्यूट्रास्यूटिकल्स के सामान्य उपयोग**

| उत्पाद | उपयोग |
|---|---|
| **ओमेगा-3 सप्लीमेंट्स** | हृदय स्वास्थ्य, सूजन कम करना, रक्तचाप नियंत्रण। |
| **प्रोबायोटिक्स (दही, किण्वित खाद्य)** | आंत स्वास्थ्य, पाचन में सुधार, प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना। |
| **फाइटोकेमिकल्स (फलों से निकाले गए)** | एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि, कैंसर से बचाव, हृदय स्वास्थ्य में सुधार। |
| **विटामिन और खनिज सप्लीमेंट्स** | कैल्शियम और आयरन के माध्यम से हड्डियों की मजबूती और रक्त निर्माण। |
| **एंटीऑक्सीडेंट सप्लीमेंट्स** | सूजन कम करना, शरीर में मुक्त कणों से बचाव। |

## फंक्शनल फूड्स में बायोएक्टिव घटकों के स्रोत

### 1.फाइटोकेमिकल्स:

फाइटोकेमिकल्स पौधों में पाए जाने वाले जैविक रसायन होते हैं, जो स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में मदद करते हैं। इन्हें मुख्य रूप से विभिन्न फल, सब्जियां, और अनाज से प्राप्त किया जाता है।

- **फ्लेवोनोइड्स :** ये फाइटोकेमिकल्स फल, चाय, सेब, अंगूर और टमाटर में पाए जाते हैं। फ्लेवोनोइड्स शरीर में एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि करते हैं और हृदय रोगों को रोकने में मदद करते हैं।
- **कैरोटीनॉइड्स:** ये रंजक तत्व गाजर, पालक, शकरकंद, और टमाटर में पाए जाते हैं। ये शरीर में विटामिन A के रूप में परिवर्तित होते हैं और दृष्टि की रक्षा करते हैं, साथ ही त्वचा और कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं।
- **पॉलीफिनोल्स:** ये एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होते हैं और ग्रीन टी, रेड वाइन, अंगूर और जामुन में पाए जाते हैं। ये सूजन को कम करने और कैंसर से बचाव में सहायक होते हैं।

### 2.ओमेगा-3 फैटी एसिड:

यह स्वस्थ वसा का एक प्रमुख स्रोत है जो मुख्य रूप से मछली (विशेषकर सालमन, मैकेरल), अलसी के बीज, अखरोट और चिया बीज में पाया जाता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं, और शरीर में सूजन को कम करते हैं।

### 3.प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स:

- प्रोबायोटिक्स: ये लाभकारी बैक्टीरिया होते हैं जो आंत के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। ये दही, किण्वित सब्जियां और किण्वित दूध उत्पादों में पाए जाते हैं।
- प्रीबायोटिक्स: ये अघुलनशील फाइबर होते हैं, जो आंत के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं। प्रीबायोटिक्स के स्रोत में लहसुन, प्याज, केला, और हल्दी शामिल हैं (चित्र.1)।



चित्र.1. आईसीएआर-सीआईएई, भोपाल द्वारा विकसित प्रोबायोटिक सोया खाद्य उत्पाद

**विटामिन और खनिज :** विटामिन C, D, E और खनिज जैसे कैल्शियम, आयरन, और मैग्नीशियम भी बायोएक्टिव घटक हैं जो शरीर के विभिन्न कार्यों को बेहतर बनाते हैं। विटामिन C एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है, जबकि कैल्शियम हड्डियों की मजबूती को बढ़ाता है और आयरन रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

## न्यूट्रास्यूटिकल्स उत्पादन

न्यूट्रास्यूटिकल्स उन उत्पादों को कहा जाता है, जिन्हें चिकित्सीय या स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए खाद्य घटकों या बायोएक्टिव पदार्थों से तैयार किया जाता है। इनका उपयोग आहार पूरक के रूप में किया जाता है और ये कई बीमारियों के उपचार में सहायक होते हैं। न्यूट्रास्यूटिकल्स का उत्पादन खाद्य पदार्थों, हर्बल अर्क, और बायोएक्टिव घटकों से किया जाता है (चित्र.2)।



**चित्र.2. कार्यात्मक और पौष्टिक भोजन के स्रोत**

### न्यूट्रास्यूटिकल्स के उत्पादन के प्रमुख चरण:

### 1. स्रोत चयन और संकलन:

बायोएक्टिव घटकों का चयन मुख्य रूप से प्राकृतिक स्रोतों से किया जाता है। ये स्रोत ऐसे पौधे, फल, सब्जियां, अनाज, और समुद्री जीव हो सकते हैं, जो जैविक रूप से सक्रिय पदार्थों से समृद्ध होते हैं। उदाहरण के लिए, ओमेगा-3 फैटी एसिड के लिए मछली और अलसी के बीज, फ्लेवोनोइड्स के लिए अंगूर और चाय के पत्ते (तालिका 4)।

**तालिका 4: न्यूट्रास्यूटिकल्स उत्पादन प्रक्रिया**

| चरण | विवरण |
|---|---|
| **स्रोत चयन** | बायोएक्टिव घटकों वाले प्राकृतिक स्रोतों का चयन किया जाता है। जैसे, फल, सब्जियां, समुद्री जीव, और पौधे। |
| **संचय और निष्कर्षण** | बायोएक्टिव घटकों को निष्कर्षित करने के लिए जल, एथेनॉल या अल्ट्रासाउंड-असिस्टेड निष्कर्षण जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाता है। |
| **स्वास्थ्य लाभ का मूल्यांकन** | बायोएक्टिव घटकों के स्वास्थ्य लाभ का वैज्ञानिक परीक्षण और क्लिनिकल ट्रायल्स द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। |
| **उत्पाद निर्माण** | बायोएक्टिव घटकों को टैबलेट, कैप्सूल, पाउडर, या ड्रिंक के रूप में तैयार किया जाता है। |
| **विपणन और वितरण** | तैयार न्यूट्रास्यूटिकल्स को विपणन और वितरण के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं, फार्मेसियों, और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भेजा जाता है। |

## संचय और निष्कर्षण:

बायोएक्टिव घटकों को प्राकृतिक स्रोतों से निकालने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जैसे कि जल निष्कर्षण, एथेनॉल निष्कर्षण, या अल्ट्रासाउंड-असिस्टेड निष्कर्षण। इन प्रक्रियाओं से विशिष्ट बायोएक्टिव पदार्थों को प्रभावी तरीके से प्राप्त किया जाता है।

## स्वास्थ्य लाभ का मूल्यांकन:

न्यूट्रास्यूटिकल्स के उत्पादन से पहले, उनके स्वास्थ्य लाभ का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाता है। यह मूल्यांकन शारीरिक परीक्षणों, क्लिनिकल ट्रायल्स और प्रयोगशाला अध्ययन द्वारा किया जाता है।

## उत्पाद तैयार करना:

न्यूट्रास्यूटिकल्स को विभिन्न रूपों में तैयार किया जाता है, जैसे कि टैबलेट, कैप्सूल, पाउडर, ड्रिंक या एनर्जी बार। इन्हें बाजार में भेजने से पहले गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है।

## विपणन और वितरण:

न्यूट्रास्यूटिकल्स के लिए विपणन रणनीतियाँ तैयार की जाती हैं, और इन्हें स्वास्थ्य संस्थानों, फार्मेसियों, और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से वितरित किया जाता है।

## निष्कर्ष

बायोएक्टिव घटक और न्यूट्रास्यूटिकल्स खाद्य और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन घटकों के स्रोत जैसे फल, सब्जियाँ, समुद्री आहार, जड़ी-बूटियाँ, और अन्य प्राकृतिक पदार्थ हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक हैं। ये पदार्थ न केवल हमारे शरीर को पोषण प्रदान करते हैं, बल्कि विभिन्न रोगों जैसे हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और सूजन से बचाव में भी मदद करते हैं।फंक्शनल फूड्स, जो बायोएक्टिव घटकों से भरपूर होते हैं, का नियमित सेवन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, पाचन तंत्र को सुधारने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। उदाहरण के तौर पर, प्रोबायोटिक्स पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखते हैं, ओमेगा-3 फैटी एसिड हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं, और एंटीऑक्सीडेंट्स कोशिकाओं को मुक्त कणों से बचाते हैं। न्यूट्रास्यूटिकल्स के उत्पादन की प्रक्रिया में कच्चे माल का चयन, निष्कर्षण, और वैज्ञानिक तरीके से उनके स्वास्थ्य लाभों का मूल्यांकन किया जाता है। इन उत्पादों का रूपांतरण जैसे कैप्सूल, टैबलेट, या पाउडर के रूप में किया जाता है, जो आसानी से उपभोक्ताओं तक पहुंचते हैं। इस प्रकार, बायोएक्टिव घटक और न्यूट्रास्यूटिकल्स का उपयोग स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, रोगों को रोकने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। इन उत्पादों के निर्माण और सही उपयोग से हम न केवल अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज की दिशा में भी कदम बढ़ा सकते हैं। सारांश में, बायोएक्टिव घटक और न्यूट्रास्यूटिकल्स का महत्व बढ़ रहा है और इनका प्रभावी उपयोग स्वस्थ जीवन की ओर महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

—❖—

# फलों और सब्जियों का भंडारण

**रजनी साहू एवं आदिनाथ काटे**
**भा. कृ. अनु. प. - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल**

## परिचय

एक संतुलित आहार प्राप्त करने और इष्टतम स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए फलों और सब्जियों का सेवन आवश्यक है। पोषण विशेषज्ञ प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 60-85 ग्राम फल और 360 ग्राम सब्ज़ियाँ खाने की सलाह देते हैं, साथ ही अनाज, दालें और अंडे जैसे अन्य आहार प्रधान खाद्य पदार्थ भी खाने चाहिए। फल और सब्ज़ियाँ शरीर के समुचित कामकाज और प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन के लिए आवश्यक विटामिन और खनिजों के महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में काम करते हैं। इसके अलावा, उनमें सेल्यूलोज़, पेक्टिन, प्रोटीन, लिपिड और तेल जैसे मूल्यवान यौगिक होते हैं, जो पाचन स्वास्थ्य में योगदान करते हैं और ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि कई फलों में औषधीय गुण होते हैं, जो अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। फलों और सब्जियों के स्वाद, रंग, बनावट और पोषण मूल्य को बनाए रखने के लिए उचित खाद्य भंडारण महत्वपूर्ण है, साथ ही खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को भी कम करता है। यह बदले में, इन खाद्य पदार्थों की समग्र गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करता है।

खाद्य भंडारण में कच्चे और तैयार खाद्य पदार्थों को उचित परिस्थितियों में बनाए रखने की प्रथा शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे भविष्य में उपभोग के लिए सुरक्षित रहें, साथ ही हानिकारक रोगाणुओं के प्रसार को भी रोका जा सके। इस विधि से खाद्य पदार्थों को तत्काल उपभोग के बजाय, आमतौर पर हफ्तों से लेकर महीनों तक के लिए संग्रहीत किया जा सकता है। खाद्य भंडारण की अवधारणा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यधिक महत्व रखती है, जो दुनिया भर में उन अधिकांश व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण है जो खाद्य उत्पादन के लिए दूसरों पर निर्भर हैं, साथ ही उपभोक्ताओं को समय पर वितरण सहित खाद्य पदार्थों के संरक्षण, सुरक्षा और परिवहन के लिए भी। खाद्य भंडारण एक ऐसी प्रथा है जिसका पालन न केवल मानव समाज द्वारा किया जाता है, बल्कि विभिन्न प्रकार के जानवरों द्वारा भी किया जाता है। इसके प्राथमिक उद्देश्यों में कटाई की गई फसलों की सुरक्षा करना शामिल है ताकि बढ़ते मौसम से परे भी उपभोग किया जा सके, खाद्य गुणवत्ता को संरक्षित किया जा सके, खराब होने में देरी की जा सके, पाले से होने वाले नुकसान से सुरक्षा की जा सके, एक स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, अधिशेष या कमी को रोका जा सके और विभिन्न अन्य उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके।

भारत विश्व में बागवानी फसलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। बागवानी के अंतर्गत आने वाले 18% क्षेत्र कृषि में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 33% का योगदान देता है। देश ने 2020-21 में 27.59 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र से 331.05 मिलियन टन का अपना अब तक का उच्चतम बागवानी उत्पादन दर्ज किया। वैश्विक व्यापार में बागवानी निर्यात में भारत का हिस्सा क्रमशः सब्जियों और फलों के लिए 1.7% और 0.5% है, जो अन्य

उत्पादक देशों की तुलना में काफी कम है। कटाई के बाद की हैंडलिंग और उपज के मूल्य संवर्धन के लिए अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण फलों और सब्जियों की कटाई के बाद होने वाला नुकसान 20-44% है भारत ने वर्ष 2020-21 में ताजे फलों और सब्जियों का 1342 मिलियन अमरीकी डॉलर (9941 करोड़ रुपये) का निर्यात किया।

### भंडारण संरचनाओं के प्रकार

अपनी छोटी कटाई के मौसम और उच्च नाशवानता के कारण, अधिकांश बागवानी फसलें मौसमी होती हैं। इसलिए, अगर बागवानी फसलों को सही तरीके से और सही प्रक्रियाओं के अनुसार संग्रहीत किया जाए तो वे अधिक व्यापक रूप से उपलब्ध होंगी। भंडारण संरचनाओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है: पारंपरिक भंडारण और कम लागत वाली भंडारण तकनीकें, और नई तकनीकों और उच्च लागत वाली भंडारण तकनीकों के साथ बेहतर तरीके। छोटे पैमाने की भंडारण प्रणाली की ज़रूरत वाले किसानों को पारंपरिक भंडारण इमारतें उपयोगी लग सकती हैं। इन-सीतू स्टोरेज, रेत और कॉयर, क्लैंप, गड्ढे, तहखाने, हवादार भंडारण और वाष्पीकरण शीतलन इनमें से कुछ तकनीकें हैं। इसके विपरीत, पर्यावरण-नियंत्रित भंडारण (जिसे नियंत्रित वायुमंडलीय भंडारण के रूप में भी जाना जाता है), संशोधित वातावरण भंडारण, हाइपोबैरिक भंडारण और प्रशीतित भंडारण - जिसे कोल्ड स्टोरेज के रूप में भी जाना जाता है - समकालीन तकनीकों के उदाहरण हैं। प्रत्येक भंडारण तकनीक का समान महत्व है और महत्वपूर्ण आय उत्पन्न करने की क्षमता है।

### पारंपरिक भंडारण प्रौद्योगिकियाँ/कम लागत वाली भंडारण प्रौद्योगिकियाँ

कुछ कम लागत वाली महत्वपूर्ण भंडारण संरचनाओं की चर्चा नीचे की गई है:

**हवादार भंडारण संरचनाएँ:** हवादार भंडारण संरचनाओं में हवा का प्रवाह होता है जो नाममात्र भंडारण तापमान सुनिश्चित करता है। इस संरचना को प्राकृतिक रूप से हवादार किया जाता है। सबसे सरल प्रणाली प्राकृतिक वेंटिलेशन भंडारण है जहाँ उत्पाद के आस-पास की गर्मी को उत्पाद श्वसन द्वारा उत्पन्न नमी के साथ-साथ प्राकृतिक वायु प्रवाह द्वारा लगातार हटाया जाता है। दूसरी ओर, जबरन वायु वेंटिलेशन गर्मी और गैस विनिमय की दर को बढ़ाने के लिए सहायक पंखे का उपयोग करता है। हवा को 10-13 मीटर/सेकंड की वेग सीमा के साथ संग्रहीत फसल में प्रवाहित किया जाता है।




**हवादार भंडारण संरचनाएँ**

2. **वाष्पीकरणीय ठंडा कक्ष:** वाष्पीकरणीय ठंडा कक्षों में उत्पाद को ठंडा करना एक भौतिक घटना की मदद से किया जाता है जिसमें वायुमंडल में एक तरल पदार्थ का वाष्पीकरण, आम तौर पर आसपास की हवा में, इसके संपर्क में आने वाली वस्तु या तरल पदार्थ को ठंडा कर देता है। आसपास की हवा की नमी ठंडा होने की दर को नियंत्रित करती है, इसलिए इसकी दक्षता निर्धारित करती है। इस संबंध को तापमान में गिरावट के चार्ट से समझा जा सकता है ।

3. **चारकोल कूलर:** यह लगभग 50 मिमी x 25 मिमी  के खुले लकड़ी के फ्रेम से बना है। फ्रेम के एक तरफ का उपयोग हैंगिंग डोर के रूप में किया जाता है। पूरे लकड़ी के फ्रेम को एक जाली का उपयोग करके अंदर और बाहर लपेटा जाता है। जाली में 25 मिमी की गुहा छोड़ी जाती है जिसे चारकोल के टुकड़ों से भर दिया जाता है। वाष्पीकरण शीतलन प्राप्त करने के लिए, चारकोल को पानी से छिड़का जाता है। इस ढांचे को कृंतकों और चूहों के कारण होने वाले नुकसान को रोकने के लिए एक धातु शंकु के साथ एक पोल पर स्थापित किया जाता है। यह पूरा सेटअप इमारत के बाहर स्थापित किया गया है। चींटियों के कारण होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ग्रीस की एक अच्छी कोटिंग का भी उपयोग किया जाता है। इस प्रणाली का शीर्ष आम तौर पर ठोस और छप्पर वाला होता है; साथ ही संग्रहित उपज से उड़ने वाले कीड़ों को रोकने के लिए एक ओवरहैंग भी होता है ।

4. **जीरो एनर्जी कूल चैंबर (ZECC):** इन चैंबरों को सीधे वाष्पीकरण शीतलन के सिद्धांतों पर डिज़ाइन किया गया है। इनके संचालन के लिए बिजली या शक्ति की आवश्यकता नहीं होती । चैंबर का निर्माण अकुशल श्रमिकों द्वारा आसानी से किया जा सकता है। यह प्रणाली फसल के तापमान को 10-15 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकती है और लगभग 90% की उच्च आर्द्रता बनाए रख सकती है। इस प्रकार ZECC गुणवत्ता को बनाए रखने और ताजा उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में मदद करता है। इस तरह की प्रथाओं से छोटे और सीमांत किसानों को कुछ दिनों के लिए उपज का भंडारण करके खुदरा श्रृंखलाओं में बिचौलियों या बिचौलियों से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड भी किसानों को ZECC के लिए 100% अनुदान सहायता दे रहा है ।






चारकोल कूलर

**जीरो एनर्जी कूल चैंबर (ZECC)**

## उन्नत/आधुनिक भंडारण विधियाँ/उच्च लागत भंडारण प्रौद्योगिकियाँ

फलों और सब्जियों के लिए कई उन्नत और नवीन पैकेजिंग और भंडारण तकनीकों का प्रयोग और व्यवसायीकरण किया गया है। इनमें रेफ्रिजरेटेड स्टोरेज और हाइपोबैरिक स्टोरेज शामिल हैं। बडे स्तर पर इन तकनीकों को व्यावसायिक रूप से अपनाने के लिए महत्वपूर्ण विचारों में लागत-प्रभावशीलता, पर्यावरण-मित्रता, उत्पाद की गुणवत्ता और प्रयोज्यता सीमा, भंडारण क्षेत्र से उत्पाद की मात्रा का अनुपात, कौशल की आवश्यकता, प्रक्रिया नियंत्रण, ऊर्जा की आवश्यकता और सुरक्षा पहलू शामिल हैं। बागवानी फसलों के लिए कुछ बेहतर भंडारण तकनीकों की चर्चा नीचे की गई है।

- **कोल्ड स्टोरेज:** भंडारण क्षेत्र का आदर्श तापमान सीधे उत्पाद की श्वसन तीव्रता से संबंधित है। तापमान कम करने से उत्पाद की श्वसन दर कम हो जाती है, जो बदले में जैव रासायनिक प्रतिक्रिया की दर को धीमा कर देती है और उत्पाद की शेल्फ लाइफ को बढ़ा देती है। ताजा उपज बाजार में उपयोग की जाने वाली कोल्ड चेन का मूल घटक कोल्ड स्टोरेज सुविधा है। फसल से लेकर उपभोक्ता के उपयोग तक, कोल्ड चेन गुणवत्ता रखरखाव की गारंटी देती है । कोल्ड स्टोरेज एक प्रकार का भंडारण क्षेत्र है, जहाँ गैर-विषाक्त रेफ्रिजरेंट और पॉलीयुरेथेन फोम से बनी अच्छी तरह से इन्सुलेट की गई दीवारों का उपयोग करके गर्मी के नुकसान को कम किया जाता है। कोल्ड स्टोरेज जो वेंटिलेशन सिस्टम और आर्द्रता नियंत्रकों के साथ-साथ आदर्श ताजा उपज भंडारण स्थितियों को संरक्षित करते हैं, पर्याप्त भंडारण प्रदान करते हैं ।





**कोल्ड स्टोरेज**

### निष्कर्ष:

बागवानी फसलों की कटाई के बाद होने वाला नुकसान, कम शेल्फ लाइफ और अनुचित भंडारण के कारण किसानों और खाद्य उद्योगों के लिए बड़ी समस्या है। इन नुकसानों को कम करने और बाजार में मांग आने तक फसल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तापमान और पर्यावरण नियंत्रण के आधार पर विभिन्न भंडारण संरचनाएं विकसित की जाती हैं। विभिन्न फसल प्रजातियों के लिए अलग-अलग भंडारण संरचनाओं का अध्ययन किया जा रहा है, और जहां तक बागवानी फसलों के भंडारण का सवाल है, इसमें बहुत संभावनाएं हैं।

—❖—

# लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का विकास

**मनीष कुमार, कामेन्द्र, एच. एस. पांडे, सी. एस सहाय, एस. के. सिंह,**
**वी. पी. चौधरी एवं दीपक थोराट**
**भा. कृ. अनु. प. - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल**

## परिचय

उच्च कृषि उत्पादन प्राप्त करने के लिए उर्वरक, पानी, और बीज महत्वपूर्ण हैं। उर्वरक के उपयोग में हुई पर्याप्त वृद्धि ने खाद्यान्न उत्पादन में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की है। भारत विश्व स्तर पर उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसकी कुल उर्वरक उत्पादन 36.27, खपत 47.18, और आयात 15.27 मिलियन मीट्रिक टन है। भारत लगभग 75% यूरिया, 40% डी. ए. पी., और 85% एन. पी. के. उर्वरक का घरेलू उत्पादन करता है, जो कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने में देश की आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

नाइट्रोजन फसलों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उपज और गुणवत्ता दोनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। हालांकि, नाइट्रोजन वाष्पीकरण, उत्सर्जन, और लीचिंग के माध्यम से पर्यावरणीय नुकसान के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। किसान उच्च उपज प्राप्त करने के लिए अक्सर उच्च दरों पर नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग करते हैं, लेकिन इससे नाइट्रोजन उपयोग दक्षता कम हो सकती है और पर्यावरणीय प्रभाव प्रतिकूल हो सकते हैं। अत्यधिक नाइट्रोजन उपयोग से मिट्टी का संकुचन हो सकता है और मिट्टी के पोषक तत्वों के संतुलन में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।

भारत में, फसलों के लिए यूरिया डालने का प्रमुख तरीका ब्रॉडकास्टिंग है, लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हैं। पौधों द्वारा केवल 40% डाला गया यूरिया उपयोग किया जाता है, जबकि शेष 60% विभिन्न माध्यमों से नष्ट हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह चिंता भी है कि सिंचाई के पानी के साथ मिलकर यूरिया जलीय कृषि प्रणालियों को दूषित कर सकता है। इन समस्याओं को हल करने के लिए, यूरिया सुपर ग्रैन्यूल और यूरिया मेगा ग्रैन्यूल जैसे गहरे स्थानांतरण एप्लीकेटर विकसित किए गए हैं। हालांकि, लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर की वैश्विक स्वीकृति न्यूनतम है।

नाइट्रोजन उर्वरकों का कुशल प्रबंधन उत्पादन को बनाए रखने, मिट्टी की उर्वरता को संरक्षित करने, और पर्यावरणीय जोखिमों को कम करने के लिए आवश्यक है। मिट्टी में लिक्विड यूरिया का इंजेक्शन वाष्पीकरण, सतही अपवाह प्रदूषण को कम करने, और पौधों के लिए पोषक तत्वों की उपलब्धता को बढ़ाने का एक प्रभावी समाधान है। अध्ययनों से पता चला है कि लिक्विड उर्वरकों का उप-भूतल अनुप्रयोग सतही अनुप्रयोग की तुलना में अमोनिया वाष्पीकरण के नुकसान को काफी कम कर सकता है और फसल की उपज को बढ़ा सकता है।

लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर कम लागत, आसान अवशोषण, उच्च प्रभावशीलता, और त्वरित अनुप्रयोग जैसे कई लाभ प्रदान करते हैं। मिट्टी में सीधे लिक्विड उर्वरकों का इंजेक्शन पोषक तत्वों के तेजी से अवशोषण और

सतही अनुप्रयोग की तुलना में कम अमोनिया उत्सर्जन जैसे लाभ प्रदान करता है। उप-भूतल अनुप्रयोग विधियाँ, विशेष रूप से इंजेक्शन, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए फसलों को कुशल पोषक तत्व वितरण सुनिश्चित करती हैं।

इन लाभों को देखते हुए, लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर अपनाना नाइट्रोजन उर्वरक दक्षता में सुधार, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, और कृषि उत्पादकता को अनुकूलित करने के लिए महत्वपूर्ण है। सतही अनुप्रयोग से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम मृदा विक्षोभ और सटीक पोषक तत्व वितरण वाले लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का विकास आवश्यक है।

## लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का विकास

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर कई महत्वपूर्ण घटकों से लैस है, जो यूरिया तकनीकों में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। इस एप्लीकेटर में टैंक, पंप, काउल्टर डिस्क, वितरण प्रणाली, और इंजेक्टर शामिल हैं, जो इसकी प्रभावशीलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एप्लीकेटर के कुल आयाम 1654 मिमी लंबाई, 1950 मिमी चौड़ाई, और 1690 मिमी ऊँचाई हैं। 500 लीटर क्षमता वाला पीवीसी टैंक लिक्विड यूरिया विलयन के संग्रहण के रूप में कार्य करता है, जो अनुप्रयोग प्रक्रिया के दौरान निरंतर और स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करता है। 29-34 लीटर प्रति मिनट के सक्शन वॉल्यूम और 15-35 किग्रा/सेमी$^2$ के दबाव सीमा वाले पिस्टन पंप टैंक से वितरण प्रणाली में लिक्विड यूरिया के संचरण की सुविधा प्रदान करते हैं। इस पंप को 3-5 एचपी की शक्ति की आवश्यकता होती है, जो ट्रैक्टर द्वारा प्रदान की जाती है और एप्लीकेटर को खेत में आगे बढ़ाने के लिए भी उपयोग होती है।

वितरण प्रणाली, जिसमें होज, पाइप, और छह इंजेक्शन नोजल शामिल हैं, खेत की चौड़ाई में यूरिया विलयन का समान वितरण सुनिश्चित करती है, जिससे पूरे रोपण क्षेत्र को प्रभावी ढंग से कवर किया जा सके। जैसे-जैसे एप्लीकेटर आगे बढ़ता है, वह 508 मिमी व्यास और 6 मिमी मोटाई वाले छह काउल्टर डिस्क से लैस होता है, जो मिट्टी को खोलते हैं और सटीक यूरिया इंजेक्शन के लिए नाली बनाते हैं। इन काउल्टर डिस्क को मिट्टी में प्रभावी प्रवेश के लिए 22 डिग्री तक तीक्ष्ण किया जाता है। इसके अतिरिक्त, इंजेक्टर खुले नालियों में यूरिया विलयन छोड़ते हैं, जिससे पौधों की जड़ों के साथ निकट संपर्क सुनिश्चित होता है और पोषक तत्वों का अधिकतम अवशोषण होता है।

ट्रैक्टर के पीटीओ के माध्यम से शक्ति संचरण की सुविधा उपलब्ध होती है, जिससे एप्लीकेटर का निर्बाध संचालन सुनिश्चित होता है। जब टैंक यूरिया से भरा होता है, तो तरल यूरिया एप्लीकेटर का वजन 850 किलोग्राम होता है। यह डिज़ाइन मिट्टी में पोषक तत्वों के इष्टतम प्लेसमेंट और फसलों द्वारा अधिकतम अवशोषण सुनिश्चित करता है।

## विकसित लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का फील्ड परीक्षण

विकसित लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का फील्ड परीक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल के प्रायोगिक क्षेत्र में किया गया। 72×54 वर्ग मीटर के इस क्षेत्र को पांच उप-भूखंडों में विभाजित किया गया, जिनमें से प्रत्येक का आकार 72×8 वर्ग मीटर था। इन उप-भूखंडों को पांच विभिन्न उपचारों के लिए निर्दिष्ट किया गया, जिनमें प्रत्येक उपचार को तीन बार दोहराया गया। प्रयोग गेहूं की फसल के लिए प्रारंभिक बेसल खुराक के बाद यूरिया की दूसरी और तीसरी विभाजित खुराक के अनुप्रयोग पर केंद्रित था। बेसल खुराक बुवाई के समय लागू की गई थी, दूसरी विभाजित खुराक बुवाई के 23 दिनों के बाद और तीसरी विभाजित खुराक बुवाई के 55 दिनों के बाद डाली गई थी।

**लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर के मूल्यांकन के लिए पांच विभिन्न उपचार किए गए:**

- T1 में 100% ग्रैन्युलर यूरिया को मैन्युअल रूप से लगाया गया,
- T2 में लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का उपयोग करके 100% लिक्विड यूरिया लगाया गया,
- T3 में लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का उपयोग करके आवश्यक यूरिया का 75% लगाया गया,
- T4 में लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर का उपयोग करके आवश्यक यूरिया का 50% लगाया गया,
- T5 एक नियंत्रण के रूप में कार्य किया, जिसमें कोई यूरिया नहीं डाला गया।

विशेष रूप से, अध्ययन का उद्देश्य गेहूं की फसल में दानेदार यूरिया की मैन्युअल ब्रॉडकास्टिंग विधि की तुलना में लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर की प्रभावशीलता का निर्धारण करना था।

## परिणाम



**चित्र 1: फील्ड में विकसित मशीन का परीक्षण**

परिणामों से विभिन्न यूरिया उपचारों के सापेक्ष गेहूं की उपज में एक स्पष्ट प्रवृत्ति देखने को मिली (चित्र 1)। जब 100% ग्रैन्युलर यूरिया (T1) लागू किया गया, तो गेहूं की औसत उपज 4153±1.67 किग्रा/हेक्टेयर थी। 100% लिक्विड यूरिया (T2) के अनुप्रयोग के साथ उपज समान रही, जो 4103±1.69 किग्रा/हेक्टेयर थी, जिससे यह सुझाव मिलता है कि दोनों रूपों के यूरिया लगभग समान रूप से प्रभावी हैं। लिक्विड यूरिया के अनुप्रयोग को 75% (T3) और 50% (T4) तक घटाने पर अनाज की उपज क्रमशः 4065±1.02 किग्रा/हेक्टेयर और 4012±1.20 किग्रा/हेक्टेयर रही, जो T1 और T2 से महत्वपूर्ण रूप से भिन्न नहीं थी। हालांकि, यूरिया के अनुप्रयोग की अनुपस्थिति (T5) से उपज में महत्वपूर्ण गिरावट आई, जो 3328±2.47 किग्रा/हेक्टेयर थी। विशेष रूप से, T4 में कुल यूरिया की बचत का प्रतिशत T1 की तुलना में 33% था। यह इंगित करता है कि T4 एक अधिक कुशल और लागत प्रभावी विकल्प हो सकता है, जो उपज के साथ यूरिया बचत को संतुलित करता है।

## निष्कर्ष

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल द्वारा विकसित लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर कृषि प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी सटीक पोषक तत्व वितरण प्रणाली नाइट्रोजन उपयोग दक्षता को बढ़ाती है, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है, और अनुकूलित यूरिया उपयोग के माध्यम से लागत बचत प्रदान करती है। प्रक्षेत्र परीक्षण परिणाम पुष्टि करते हैं कि यह लिक्विड यूरिया एप्लीकेटर पारंपरिक ब्रॉडकास्टिंग विधियों को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है, जिससे यह स्थायी और कुशल फसल उत्पादन के लिए एक मूल्यवान उपकरण है। जैसे-जैसे कृषि में विकास हो रहा है, इस प्रकार की उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाना खाद्य उत्पादन बढ़ाने और पर्यावरण की रक्षा करने की दोहरी चुनौतियों को पूरा करने में महत्वपूर्ण होगा।

—❖—

# भारतीय ट्रैक्टर ऑपरेटरों के लिए लिंग-तटस्थ कार्यस्थल संरचना

**राहुल पोतदार, सी.आर. मेहता, के.एन. अग्रवाल, विक्रम ज्योति एवं मनोज कुमार**

**भा. कृ. अ.प. - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल**

## परिचय

स्व-चालित मशीनों (जैसे ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर आदि) के ऑपरेटरों के कार्यस्थल संरचना को डिजाइन करते समय ऑपरेटर को विभिन्न नियंत्रणों तक सही ढंग से पहुंचाने के लिए उनके हाथ और पैर की पहुंच को ध्यान में रखना होता है। ऑपरेटर की पहुंच की सीमा को "रीच एनवेलप" के रूप में वर्णित किया जाता है, जिसमें एक अनुकूलतम और अधिकतम क्षेत्र होता है जो विभिन्न हाथ और पैर से संचालित नियंत्रणों के उचित स्थान निर्धारण के लिए आधार प्रदान करता है। इसलिए, एर्गोनॉमिक्स साहित्य जैसे शोध पत्रों/रिपोर्टों/पुस्तकों से एकत्र की गई जानकारी के आधार पर, प्लान (क्षैतिज तल) और साइड से दृश्य (ऊर्ध्वाधर तल) में बैठे ऑपरेटर के लिए हाथ और पैर पहुंच सीमा को निर्धारित करने के लिए विकसित की गई थी। साइड और प्लान व्यू में रीच एनवेलप को निर्धारित करते समय, आंतरिक और बाहरी सीमाओं की स्थापना की  आवश्यक थी। आंतरिक सीमा का निर्धारण बड़े (95वें प्रतिशतता) ऑपरेटर शारीरिक मापों के आधार पर किया गया, ताकि नियंत्रण ऑपरेटर के बहुत पास न हो। इसी प्रकार, बाहरी सीमा का निर्धारण छोटे (5वें प्रतिशतता) ऑपरेटर शारीरिक मापों के आधार पर किया गया, ताकि ट्रैक्टर के नियंत्रण ज्यादातर ऑपरेटरों के लिए बहुत ऊंचे या दूर न हों। आंतरिक और बाहरी सीमा द्वारा परिभाषित क्षेत्र को "ऑप्टिमम  क्षेत्र" कहा जाता है, जिसमें आमतौर पर अक्सर प्रयोग होने वाले नियंत्रण जैसे स्टीयरिंग व्हील, ब्रेक पेडल, क्लच पेडल आदि को रखा जाता है। बाहरी सीमा द्वारा परिभाषित, लेकिन आंतरिक सीमा से बाहर का क्षेत्र "अधिकतम क्षेत्र" कहलाता है, जिसमें कम प्रयुक्त नियंत्रण जैसे डिफरेंशियल लीवर, पीटीओ लीवर, पोजीशन और ड्राफ्ट कंट्रोल लीवर आदि होते हैं। भारतीय कृषि श्रमिकों के लिए लिंग आधारित हाथ और पैर की पहुंच सीमा इस विधि का उपयोग करके निर्धारित की गई। इन सीमाओं के आधार पर, हाथ और पैर संचालित नियंत्रणों के लिए उपयुक्त स्थान का सुझाव दिया गया। यदि उपयोगकर्ता पुरुष और महिला दोनों श्रमिक हैं और 5वें प्रतिशतता महिला और 95वें प्रतिशतता पुरुष श्रमिकों के लिए कार्यस्थल की उपयुक्तता पर विचार करे, तो हाथ नियंत्रण को SIP (सीट इंडेक्स पॉइंट) से क्षैतिज दिशा में 318 मिमी से कम और 430 मिमी से अधिक दूर नहीं होने चाहिए। ऊर्ध्वाधर दिशा में, इन नियंत्रणों को SIP के ऊपर 186 मिमी और 380 मिमी के बीच रखा जाना चाहिए, और पार्श्व दिशा में, नियंत्रणों को SIP से ± 477 मिमी के भीतर रखा जाना चाहिए। इसी प्रकार, पैर नियंत्रणों को SIP से 550 मिमी से कम और 592 मिमी से अधिक की दूरी पर नहीं रखा जाना चाहिए। इसी तरह से, इन नियंत्रणों को SIP से नीचे की दिशा में 171 मिमी से कम और 283 मिमी से अधिक की दूरी पर नहीं रखा जाना चाहिए। पार्श्व दिशा में, नियंत्रणों को केंद्र रेखा से 76 मिमी से कम और 261 मिमी से अधिक की दूरी पर नहीं रखा जाना चाहिए।




**चित्र 1: बैठे हुए ट्रैक्टर ऑपरेटर के लिए इष्टतम हाथ पहुंच वाला लिफाफा**



चित्र 2: बैठे हुए पुरुष ट्रैक्टर ऑपरेटर के लिए इष्टतम पैर पहुंच लिफाफा

## भारतीय ट्रैक्टरों के ऑपरेटर कार्यस्थल का आंकलन

भारत में 23 से 50 किलावाट के पावर रेंज वाले विभिन्न ट्रैक्टर मॉडलों में से 10 ट्रैक्टर मॉडल, जो भारतीय खेतों पर व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं, को ऑपरेटर कार्यस्थल का आंकलन करने के लिए यादृच्छिक रूप से चयनित किया गया। चयनित ट्रैक्टरों के ऑपरेटर कार्यस्थल का आंकलन करते समय, ट्रैक्टरों पर विभिन्न हाथ और पैर से संचालित नियंत्रणों की स्थिति और स्टीयरिंग व्हील, क्लच और सर्विस ब्रेक पैडल के सक्रियकरण बलों को मापा गया। इसके लिए विभिन्न उपकरणों और सामग्री जैसे लेआउट माप सेटअप, एसआरपी सेटअप, लेजर दूरी मापक मीटर, पैडल बल लोडसेल और डिजिटल लोडमीटर, स्टीयरिंग टॉर्क माप सेटअप, बवेल प्रोट्रैक्टर, वर्नियर कैलिपर, स्टील रूल और 1.5 मीटर लंबाई का माप पट्टी का उपयोग किया गया। चयनित ट्रैक्टरों के अक्सर उपयोग किए जाने वाले नियंत्रणों की स्थिति को लिंग आधारित पहुंच परिधियों पर अधिरोपित किया गया, जिसमें महिला को छोटे ऑपरेटर और पुरुष को बड़े ऑपरेटर के रूप में माना गया। ट्रैक्टर नियंत्रणों की स्थिति दोनों प्रकार की पहुंच परिधियों के आधार पर अधिरोपित की गई ताकि यह जाना जा सके कि क्या नियंत्रण क्षेत्र में हैं या पहुंच से बाहर हैं। चयनित ट्रैक्टरों के स्टीयरिंग व्हील के केंद्र की क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दूरी, SIP से संदर्भित करते हुए, क्रमशः 330-623 मिमी और 111-256 मिमी थी, जो IS 12343 (1998) के अनुसार थी। चयनित ट्रैक्टरों के स्टीयरिंग कॉलम का कोन 55-72° था, जो BIS मानक के अनुरूप था। चयनित ट्रैक्टरों में क्लच पैडल SIP से 408-868 मिमी आगे, 286-487 मिमी नीचे और 253-351 मिमी बाएं स्थान पर था। ट्रैक्टर B को छोड़कर, सभी अन्य ट्रैक्टरों ने BIS मानक द्वारा दिए गए क्लच पैडल के स्थान की अनुशंसा का पालन किया। चयनित ट्रैक्टरों में ब्रेक पैडल SIP से 442-919 मिमी आगे, 297-571 मिमी नीचे और 205-356 मिमी दाएं स्थान पर था। यह देखा गया कि 10 चयनित ट्रैक्टरों पर 8% से 58% तक नियंत्रण या तो लिंग आधारित आपरेटरों की पहुंच परिधि के अनुकूलतम क्षेत्र या अधिकतम क्षेत्र में थे। इसी तरह, चयनित ट्रैक्टरों पर 15% से 54% तक नियंत्रण लिंग आधारित आपरेटरों की योजना आलोकन की पहुंच परिधि के अनुकूलतम क्षेत्र या अधिकतम क्षेत्र में थे। चयनित ट्रैक्टरों के लिए क्लच पैडल संचालित करने के लिए आवश्यक सक्रियण बल 130 से 250 न्यूटन था, जो IS 10703 (1992) द्वारा अनुशंसित 350 न्यूटन की सीमा के भीतर था। चयनित ट्रैक्टरों के लिए ब्रेक पैडल सक्रियण बल 390 से 670 न्यूटन था और यह IS 10703 (1992) द्वारा अनुशंसित 600 न्यूटन की सीमा के भीतर था, सिवाय एक ट्रैक्टर के। स्थिर स्थिति में, अधिकांश ट्रैक्टरों के लिए स्टीयरिंग व्हील सक्रियण बल 210-340 न्यूटन था और यह AIS-042 (2004) द्वारा दी गई 250

न्यूटन की सीमा से अधिक या उसके पास था। गतिशील स्थिति में, जब ट्रैक्टर 3 किमी/घंटा पर चलाए गए, तो चयनित ट्रैक्टरों के लिए सक्रियण बल 90-220 न्यूटन थे और यह AIS-042 (2004) द्वारा दी गई सीमा के भीतर थे।




**चित्र 3: ट्रैक्टर सीट पर स्थापित लेआउट माप उपकरण और एसआरपी**




**चित्र 4: प्रयोगशाला में स्टीयरिंग टॉर्क का मापन**

## भारतीय ट्रैक्टरों के लिए लिंग आधारित कार्यस्थल मॉकअप

विकसित पहुंच परिधियों पर आधारित लिंग-संवेदनशील ट्रैक्टर ऑपरेटरों के कार्यस्थल मॉकअप तैयार किया गया। यह मॉकअप पुरुष और महिला ट्रैक्टर ऑपरेटरों की 90% जनसंख्या को समायोजित करने के लिए उपयुक्त है। इस कार्यस्थल मॉकअप का 10 पुरुष और 10 महिला ऑपरेटरों के साथ मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि शरीर के जोड़ कोन जैसे ऊपरी भुजा से ऊर्ध्वाकार के बीच का कोन (25-40°), कलाई का कोन (172-186°), कोहनी का कोन (95-120°), घुटने का कोन (100-115°), टखने का कोन (87-96°) विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा बताए गए आरामदायक सीमा के भीतर थे। यह अनुशंसा की जाती है कि लिंग-तटस्थ ट्रैक्टर पर, जहां कार्यस्थल 5वीं प्रतिशतता महिला और 95वीं प्रतिशतता पुरुष ऑपरेटरों के लिए उपयुक्त हो, हाथ नियंत्रणों को SIP से क्षैतिज दिशा में 318 मिमी से कम और 430 मिमी से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। साथ ही, इन नियंत्रणों को SIP से ऊर्ध्वाधर दिशा में 186 मिमी और 380 मिमी के बीच रखा जाना चाहिए, और पार्श्व दिशा में ये नियंत्रण SIP से ± 424 मिमी के भीतर होने चाहिए। इसी तरह, पैर नियंत्रणों को SIP से क्षैतिज दिशा में 410 मिमी से कम और 452 मिमी से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, इन नियंत्रणों को SIP से नीचे 261 मिमी से कम और 373 मिमी से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए।




**चित्र 5: ट्रैक्टर कार्यस्थल मॉक-अप पर व्यक्तिपरक मूल्यांकन**

## भारतीय ट्रैक्टरों के लिए लिंग आधारित कार्यस्थल मॉकअप

विकसित पहुंच परिधियों पर आधारित लिंग-संवेदनशील ट्रैक्टर ऑपरेटरों के कार्यस्थल मॉकअप तैयार किया गया। यह मॉकअप पुरुष और महिला ट्रैक्टर ऑपरेटरों की 90% जनसंख्या को समायोजित करने के लिए उपयुक्त है। इस कार्यस्थल मॉकअप का 10 पुरुष और 10 महिला ऑपरेटरों के साथ मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि शरीर के जोड़ कोन जैसे ऊपरी भुजा से ऊर्ध्वाकार के बीच का कोन (25-40°), कलाई का कोन (172-186°), कोहनी का कोन (95-120°), घुटने का कोन (100-115°), टखने का कोन (87-96°) विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा बताए गए आरामदायक सीमा के भीतर थे। यह अनुशंसा की जाती है कि लिंग-तटस्थ ट्रैक्टर पर, जहां कार्यस्थल 5वीं प्रतिशतता महिला और 95वीं प्रतिशतता पुरुष ऑपरेटरों के लिए उपयुक्त हो, हाथ नियंत्रणों को SIP से क्षैतिज दिशा में 318 मिमी से कम और 430 मिमी से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। साथ ही, इन नियंत्रणों को SIP से ऊर्ध्वाधर दिशा में 186 मिमी और 380 मिमी के बीच रखा जाना चाहिए, और पार्श्व दिशा में ये नियंत्रण SIP से ± 424 मिमी के भीतर होने चाहिए। इसी तरह, पैर नियंत्रणों को SIP से क्षैतिज दिशा में 410 मिमी से कम और 452 मिमी से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, इन नियंत्रणों को SIP से नीचे 261 मिमी से कम और 373 मिमी से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए।

—❖—

# भाकृअनुप–केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल
# राजभाषा गतिविधियों की जानकारी (वर्ष 2024 एवं 2025)

संस्थान को भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या–13–37/88–हिन्दी दिनांक 29 दिसंबर 1988 के तहत राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(40) के तहत अधिसूचित किया गया है। संस्थान भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रचार, प्रसार, कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के हिन्दी अनुभाग में एक उप निदेशक(राजभाषा), एक सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी(राजभाषा) तथा एक हिन्दी लिपिक कार्यरत है। हिन्दी अनुभाग के द्वारा संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परतापूर्वक सहयोग, सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र तथा प्रशासनिक सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के नियमानुसार अनुपालन हेतु सराहनीय कार्य किया जा रहा है। संस्थान की विभिन्न राजभाषा गतिविधियों की जानकारी अग्रलिखित अनुसार है।

1. संस्थान में निदेशक की अध्यक्षता में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित की गई है तथा इस समिति की तिमाही समीक्षा बैठकें दिनांक 06.04.2024, 21.06.2024, 17.09.2024, 23.01.2025, 03.04.2025, 17.06.2025 एवं 03.10.2025 को आयोजित की गई।

2. राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही रिपोर्टें एवं संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हिन्दी बैठकों के कार्यवृत्त भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली तथा राजभाषा विभाग को ऑनलाइन प्रेषित किए जाते हैं।

3. परिषद मुख्यालय नई दिल्ली के द्वारा संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रचार, प्रसार एवं कार्यान्वयन की स्थिति एवं अनुपालन की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की मुख्यालय स्तरीय समीक्षा में सराहना की गई है।

4. तिमाही हिन्दी बैठकों के कार्यवृत्तों एवं तिमाही प्रगति रिपोर्टों पर परिषद मुख्यालय व राजभाषा विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त हुई अभ्युक्तियों एवं मार्गदर्शन के अनुसार अक्षरशः अनुपालना की जाती है तथा इंगित की गई कमियों का तत्काल निराकरण किया जाता है।

5. संस्थान के निदेशक (कार्यालय प्रमुख) की अध्यक्षता में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति दिनांक 18 अक्तूबर 2022 से गठित है। निदेशक की अध्यक्षता में इस समिति की प्रत्येक तिमाही

में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है तथा बैठक में निर्णित बिन्दुओं पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई की जाती है। बैठकों के कार्यवृत्त परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली, उप निदेशक(कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-भोपाल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति समन्वय कार्यालय-भोपाल के साथ-साथ संस्थान के सभी प्रभागों एवं अनुभागों को निर्णित बिन्दुओं की अनुपालना हेतु पृष्ठांकित की जाती है।

6. संस्थान में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्ट को प्रत्येक तिमाही के अंत में राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर कार्यालय कोड ओएफएमपी 3845 के अन्तर्गत अपलोड भी किया जाता है।

7. राजभाषा नियम 1976 के नियम 8(4) का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं मॉनीटरिंग हेतु संस्थान के कार्यालय आदेश दिनांक 10.2.2023 के तहत जांच बिन्दु बनाए गए हैं।

8. भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त होने वाले वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम को संस्थान के सभी प्रभागों/अनुभागों को अनुपालना के निर्देश के साथ परिचालित किया जाता है। संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक तिमाही बैठक में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में जारी वार्षिक कार्यक्रम में उल्लेखित लक्ष्यों पर चर्चा कर आगे की कार्यनीति तैयार की जाती है एवं समय-समय पर जांच बिन्दुओं पर अनुपालना की मॉनीटरिंग भी की जाती है।

9. संस्थान के द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को प्रत्येक छमाही में छमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्ट प्रेषित की जाती है तथा उक्त समिति की बैठक में संस्थान के निदेशक एवं हिन्दी अधिकारी शामिल होते हैं।

10. **हिन्दी पखवाड़ा-2025 का आयोजन :** संस्थान के निदेशक डॉ. सी. आर. मेहता की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम एवं हिन्दी दिवस का 16 सितंबर, 2025 को आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़े के दौरान संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु विभिन्न उप समितियों के द्वारा हिन्दीतरभाषी सरल हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता, हिन्दी प्रश्नमंच गतिविधि, राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता, तकनीकी श्रेणी लिखित प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता तथा हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डा. सी. आर. मेहता की

अध्यक्षता तथा डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, निदेशक, भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं अनुसंधान केन्द्र के मुख्य आतिथ्य में 26 सितंबर, 2025 को संस्थान के रजत जयंती सभागार में संपन्न राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह में हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र से सम्मानित कर सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग, प्रचार, प्रसार एवं कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक डा. मेहता ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भारत सरकार के वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम में हिन्दी के प्रचार, प्रसार एवं सरकारी कामकाज में कार्यान्वयन हेतु निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सार्थक प्रयासों की अपील की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, निदेशक, भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर ने सरकारी कामकाज में सरल एवं सुबोध हिन्दी के प्रयोग पर बल दिया। हिन्दी दिवस एवं पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप गांगिल, प्रभागाध्यक्ष, कृषि ऊर्जा एवं शक्ति प्रभाग, संस्थान के सभी प्रभागाध्यक्ष, परियोजनाओं के परियोजना समन्वयक, विभिन्न अनुभागों के प्रभारी, वैज्ञानिक, प्रशासनिक, तकनीकी संवर्ग के सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा संस्थान के विद्यार्थी आदि शामिल हुए। कोयम्बटूर क्षेत्रीय स्टेशन के अधिकारी एवं स्टाफ वर्चुअल माध्यम से उक्त दोनों कार्यक्रमों में शामिल हुए।

11. संस्थान के सभी कंप्यूटरों में हिन्दी फोंट और यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध है तथा संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए समय समय पर डेस्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

12. ''सरकारी कामकाज में मूल हिन्दी टिप्पण-आलेखन योजना'' के अन्तर्गत संस्थान के 10 पात्र विजेताओं को नियमानुसार नकद पुरस्कार व प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया जा रहा है।

13. संस्थान में वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के द्वारा हिन्दी में शोधपत्र व पोस्टर बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष हिन्दी पखवाड़ा माह के दौरान ''हिन्दी शोधपत्र व पोस्टर प्रदर्शन''प्रतियोगिता का आयोजन करके सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र व विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाता है।

**14. विगत वर्ष में हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी/कार्यशालाओं का निम्नलिखित विवरणानुसार आयोजन किया गया-**

**क. हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी :** हिन्दी पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत डा. के.पी. सिंह, सहायक महानिदेशक(फार्म इंजीनियरिंग), आईसीएआर मुख्यालय, नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य तथा निदेशक, भा.कृ.अनु.प.के.कृ.अभि.सं., भोपाल की अगुवाई में दि. 18.9.2025 को ''एग्रीकल्चर 4.0 के युग में कृषि यंत्रीकरण: सतत् फसल उत्पादन हेतु नवोन्मेषी एवं भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारतीय कृषि प्रणाली का सशक्तीकरण, विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वैज्ञानिक संगोष्ठी संपन्न हुई, जिसमें 51 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

**ख. हिन्दी कार्यशाला :** संस्थान के निदेशक डॉ. सी. आर. मेहता की अध्यक्षता में दिनांक 7.8.2025 को, हिन्दी ई–तकनीकी टूल्स एवं गूगल अनुवाद में कमियों का निराकरण विषय पर आयोजित एकदिवसीय ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला के दो प्रशिक्षण सत्रों में डॉ. राजीव रावत, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर ने मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में ऑनलाइन स्लाइड प्रजेंटेशन एवं डेमो के माध्यम से संस्थान के 57 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

**ग. हिन्दी कार्यशाला :** संस्थान के निदेशक डॉ. सी. आर. मेहता की अध्यक्षता में दिनांक 06.5.2025 को संस्थान के रजत जयंती सभागार में भारतीय ज्ञानपीठ के नवलेखन पुरस्कार से सम्मानित कवि एवं लेखक डॉ. अरूणाभ सौरभ ने मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में संस्थान के 78 प्रतिभागियों को ''राजभाषा हिन्दी का प्रबंधन/कार्यान्वयन तथा जीवन मूल्यों में साहित्य का योगदान'' विषय पर आयोजित हिन्दी कार्यशाला में प्रशिक्षित किया।

—❖—




निदेशक

**भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान**

नबीबाग, बैरसिया रोड, भोपाल - 462038

टेलीफोन : 91-755-2521001

ईमेल : director.ciae@icar.org.in, directorciae@gmail.com

वेबसाईट : https://ciae.res.in

भाकृअनुप
ICAR